संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-183 रविवार, 05 मई 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## अपहरण मामले में फंसे एचडी रेवन्ना

» एसआईटी ने हिरासत में लिया

» एक दिन पहले एसआईटी ने तलाशी अभियान चलाया था...

**कर्नाटक,04 अप्रैल 2024 (ए)।** जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने बेंगलुरु में एक दिन की हिरासत में ले लिया है। एचडी रेवन्ना यौन उत्पीड़न के आरोपी पूर्व जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना के पिता हैं।

दरअसल,एक दिन पहले एसआईटी ने तलाशी अभियान चलाया था,यह तलाशी उस पीड़िता के बेटे की शिकायत के बाद की गई थी जिसके साथ प्रज्वल ने वायरल वीडियो में यौन उत्पीड़न किया था।

### एचडी रेवन्ना के कहने पर महिला अपहरण-बेटा

पीड़ित महिला के बेटे ने आरोप लगाया है कि उसकी मां का अपहरण कर लिया गया है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि प्रज्वल के पिता और जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना के कहने पर उसकी मां (महिला) को प्रज्वल के खिलाफ गवाही देने से रोकने के लिए ऐसा कर किया है।




### तमिलनाडु में दो दिनों से लापता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष का शव आधा जला हुआ मिला, जांच में जुटी पुलिस

तमिलनाडु में कांग्रेस के एक जिला अध्यक्ष का आधा जला हुआ शव मिला है। वह दो दिनों से लापता था। उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उनके बेटे ने लिखाई थी। पुलिस उनकी खोज में लगी हुई थी लेकिन अचानक कांग्रेस जिला अध्यक्ष का शव उनके ही खेत में मिल गया। साथ ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष का मौत के बारे में लिखा गया एक पत्र भी पुलिस को मिला है। पुलिस के मुताबिक पहली नजर में पत्र कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारा लिखा गया ही प्रतीत होता है। पुलिस को केपीके जयकुमार का लिखित पत्र शव के पास मिला है और पहली नजर में यह उनका लिखा ही प्रतीत होता है. एसपी का कहना है कि मामले की जांच के लिए तीन विशेष टीमें गठित की गई हैं। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के लापता होने के बाद मौत की खबर ने राजनीतिक रूप ले लिया है। अन्नाद्रमुक प्रमुख ईपीएस ने इसे कानून एवं व्यवस्था में गिरावट की चरम सीमा बताते हुए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है. कांग्रेस की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रमुक से गठबंधन किया था।. दोनों ने मिलकर चुनाव लड़ा। अब कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की मौत ने इस गठबंधन पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। 19 अप्रैल को पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर मतदान हो चुका है।

## पीएम मोदी ऐसे शहंशाह हैं,जिनका जनता के दुख से कोई लेना-देना नहीं



### प्रियंका ने पीएम को 'शहजादे' का जवाब दिया,प्रधानमंत्री को बताया शहंशाह महंगाई-रोजगार पर तीखे सवाल

**बनासकांठा,04 अप्रैल 2024 (ए)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ऐसे शहंशाह हैं,जो खुद महल में रहते हैं लेकिन जनता के दुख से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने दावा किया भाजपा सरकार ने जनता को दिए गए संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का काम किया है।

लोकसभा चुनाव के बीच सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का दौर जारी है। इस बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा है कि पीएम मोदी ऐसे शहंशाह हैं, जो खुद महल में रहते हैं लेकिन जनता के दुख से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। गुजरात के बनासकांठा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा 'पीएम मोदी मेरे भाई को शहजादा कहते हैं लेकिन इस शहजादे ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लोगों की समस्या सुनने के लिए चार हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की। इस दौरान वह किसानों और मजदूरों से मिले और उनकी समस्याओं के समाधान पर बातचीत की।

## आप ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

» जेल में बंद सीएम केजरीवाल, मनीष सिसोदिया के भी नाम

**नई दिल्ली,04 अप्रैल 2024 (ए)।** आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली और हरियाणा के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें 40 नेताओं के नाम दर्ज हैं। इस सूची में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, राघव चड्ढा और मनीष सिसोदिया के नाम भी शामिल हैं। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर 25 मई को छठे चरण में मतदान होना है। इंडिया' ब्लॉक की तरफ से आप चार और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है।आप द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में कई ऐसे नेताओं का भी नाम शामिल है, जो फिलहाल प्रचार करने की स्थिति में नहीं हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया कथित आबकारी नीति घोटाले में जेल में बंद हैं। वहीं, राघव चड्ढा आंखों की सर्जरी के लिए इंग्लैंड गए हुए हैं।



ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था, जबकि मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। बीते 21 मार्च को सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली भी ईडी ने गिरफ्तार किया था।स्टार प्रचारकों की सूची में अन्य प्रमुख नाम संजय सिंह, डॉ. संदीप पाठक, पंकज कुमार गुप्ता, एन.डी. गुप्ता, गोपाल राय, राघव चड्ढा, सत्येन्द्र जैन, आतिशी, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन, स्वाति मालीवाल,राखी बिड़लान,हरपाल सिंह चीमा,अमन अरोड़ा,अनमोल गगन मान,चेतन सिंह जोरमाजरा का है।

## चौथे चरण में 20 प्रतिशत से अधिक उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज

**नई दिल्ली,04 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए चुनावी मैदान में उतरे 1,710 उम्मीदवारों में से 21 प्रतिशत ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है जबकि 24 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने घोषित किया है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

एडीआर और 'द नेशनल इलेक्शन वाच ने कुल 1717 उम्मीदवारों में से 1710 के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक कुल 360 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के मद्देनजर चौथे चरण के लिए तेलुगू देशम पार्टी के डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी



सबसे अमीर उम्मीदवार हैं, जिनकी कुल संपत्ति 5,700 करोड़ रुपये से अधिक है।

एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक 360 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 17 उम्मीदवारों को विभिन्न मामलों में दोषी ठहराया गया है,11 उम्मीदवारों पर हत्या से संबंधित मामले दर्ज हैं, 30 पर हत्या के प्रयास का आरोप है और 50 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि पांच उम्मीदवारों पर दुष्कर्म के आरोप हैं। एडीआर के विश्लेषण से प्रमुख राजनीतिक दलों में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के बारे में जानकारी मिलती है.प्रमुख राजनीतिक दलों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के तीन में से तीन उम्मीदवार, शिवसेना के तीन में से दो उम्मीदवार, भारत राष्ट्र समिति के 17 में से 10 उम्मीदवार, कांग्रेस के 61 में से 35 उम्मीदवार और भारतीय जनता पार्टी के 70 में से 40 उम्मीदवारों ने शपथपत्र में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है. इसके अलावा तेलुगू देशम पार्टी के 17 में से नौ उम्मीदवार, बीजू जनता दल के चार में से दो उम्मीदवार, राष्ट्रीय जनता दल के चार में से दो उम्मीदवार, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के चार में से दो उम्मीदवार, वाईएसआरसीपी के 25 में से 12 उम्मीदवार,तृणमूल कांग्रेस के आठ में से तीन उम्मीदवार और समाजवादी पार्टी के 19 में से सात उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है.। एडीआर की रिपोर्ट आपराधिक मामलों के अलावा उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के बीच महत्वपूर्ण विविधता पर भी प्रकाश डालती है. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के लिए 1710 में से कुल 476 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जिनकी संपत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक है. करोड़पति उम्मीदवारों में से डॉ. पेम्मासानी सबसे अमीर हैं. जबकि 24 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने घोषित किया है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है.एडीआर ने इन विश्लेषणों के आधार पर राजनीति के अपराधीकरण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कई सुधारों का प्रस्ताव रखा है. इनमें गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए उम्मीदवारों की स्थायी अयोग्यता, राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत लाना और चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने वाले उम्मीदवारों के लिए सख्त दंड लागू करना शामिल है.

## राहुल गांधी के पास है 20 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी,मगर रहने को नहीं है कोई घर

**राहुल के पास न तो अपना घर है न ही कार**

**नई दिल्ली,04 अप्रैल 2024 (ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने पास 20 करोड़ रुपये से ज्यादा की चल-अचल संपत्ति के बारे में जानकारी दी है। जिसमें जिसमें 4.2 लाख रुपये का सोना भी शामिल है। राहुल गांधी करोड़ों के मालिक हैं मगर राहुल के पास न तो अपना घर है न ही कार। निर्वाचन आयोग को दी गई जानकारी के अनुसार राहुल गांधी ने 9 करोड़ 24 लाख 59 हजार 264 रुपये की चल संपत्ति की घोषणा की है। जिसमें 4 करोड़ 33 लाख 60 हजार 519 रुपये के शेयर और 3 करोड़ 81 लाख 33 हजार 572 रुपये के म्यूचुअल फंड, 26 लाख 25 हजार 157 रुपये बैंक बैलेंस और 15 लाख 21 हजार 740 रुपये के गोल्ड बॉन्ड शामिल हैं।



इसी के साथ ही नेता ने अपने पास 11 करोड़ 15 लाख 2 हजार 598 रुपये की मौजूदा बाजार की कीमत की अचल संपत्ति होने की भी जानकारी दी है। जिसमें से 9 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपये की संपत्ति उन्होंने खुद खरीदी है। वहीं 2 करोड़ 10 लाख 13 हजार 598 रुपये की विरासत में मिली संपत्ति भी शामिल है। राहुल गांधी ने 55 हजार रुपये नकद होने की जानकारी देते हुए बताया कि उनके पास 333.3 ग्राम सोना और 4.2 करोड़ रुपये की ज्वेलरी भी है। साथ ही उन पर 49 लाख 79 हजार 184 रुपये की देनदारी है। उनके पास अचल संपत्ति के रूप में दिल्ली के महरौली स्थित गांव सुल्तानपुर में लगभग 3.778 एकड़ की कृषि भूमि है। जिसमें उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा का भी हिस्सा है। साथ ही गुरुग्राम में सिग्नेचर टावर्स में 5,838 वर्ग फीट के वाणिज्यिक अपार्टमेंट। वर्तमान में इसकी कीमत लगभग 9.05 करोड़ रुपये है।

राहुल गांधी ने बताया कि उनकी आय का स्रोत सांसद के तौर पर आने वाला वेतन, रॉयल्टी, किराया, बांड से ब्याज और म्यूचुअल फंड से मिलने वाला लाभ है। साथ ही उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2021-22 में अपनी कुल आय का भी खुलासा किया है। 2022-23 में उनकी कुल आय एक करोड़ दो लाख 78 हजार 680 रुपये घोषित की है, जबकि 2021-22 में उनकी आय एक करोड़ 31 लाख 4 हजार 970 रुपये थी।

निर्वाचन आयोग को दी गई जानकारी के अनुसार राहुल गांधी ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के ट्रिनिटी कॉलेज से एमफिल किया है। रोलिंस कॉलेज फ्लोरिडा में आर्ट्स में ग्रेजुएशन की डिग्री की है। राहुल गांधी के खिलाफ देश भर के कई राज्यों में 18 मामले दर्ज हैं। मगर किसी भी प्रकार के कोई अपराधिक प्रकरण की जानकारी इसमें शामिल नहीं है।

## मुश्किल में फंसे यू-ट्यूबर एल्विश यादव

» मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अब ईडी कर सकती है जांच

**नई दिल्ली,04 अप्रैल 2024 (ए)।** बिग बॉस ओटीटी 2 विनर और यू-ट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब ईडी ने यूट्यूबर और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया है।

एल्विश यादव के पास मौजूद महंगी कारों के काफिले पर अब ईडी की नजर है। साथ ही बड़े होटल रिसॉर्ट्स और फार्म हाउस के मालिकों से भी इस मामले में पूछताछ की जाएगी। आपको बता दें कि नोएडा पुलिस ने



एल्विश यादव को सांप का जहर मामले में गिरफ्तार किया था और फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं। मगर अब लगता है कि जल्द ही एल्विश पर ईडी का शिकंजा भी कंसने वाला है।

### सांप के जहर का मामला

दरअसल, यू-ट्यूबर एल्विश यादव को नोएडा में सांपों के जहर निकालकर रेव पार्टी करने के कारण गिरफ्तार किया गया था। इस रेव पार्टी में नोएडा पुलिस को सांप और सांप का 20 मि.ली. जहर भी मिला था।

## रेप के केस में उज्जैन के डिप्टी कलेक्टर गिरफ्तार



» पीड़िता का आरोप-एसडीएम रहते की थी वारदात...

**उज्जैन,04 अप्रैल 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर डॉ अभय सिंह खराड़ी को बड़वानी महिला पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार कर लिया। खराड़ी पर एक महिला कर्मचारी ने दुष्कर्म के आरोप लगाए हैं। इस मामले में 4 दिन पहले बड़वानी में एफआईआर दर्ज होने के बाद से खराड़ी फरार चल रहे थे।

### बंद कर दिया था अपना मोबाइल

खराड़ी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने चार सदस्यीय टीम बनाई थी और उनकी तलाश में कई जिलों में पहुंची थी। हालांकि पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर रखा था। इस बीच गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि खराड़ी भोपाल में है। जिसके बाद सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें भोपाल से गिरफ्तार कर लिया गया और शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

### महिला ने 29 अप्रैल को कराई एफआईआर दर्ज

खराड़ी महीने भर पहले ही उज्जैन में डिप्टी कलेक्टर के पद पर ट्रांसफर होकर आए थे। इससे पहले तक वे बड़वानी में पदस्थ थे। वहां की एक महिला कर्मी ने उन पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता ने 29 अप्रैल को बड़वानी के महिला थाने में खराड़ी के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई।

## भारत को जेनोफोबिक बताने पर विदेशमंत्री जयशंकर ने जो बाइडन को दिखाया आईना

» भारत का समाज हमेशा अन्य समाजों के लोगों के लिए खुला रहा

**नई दिल्ली,04 अप्रैल 2024 (ए)।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने भारत और जापान को 'ज़ेनोफ़ोबिक' देश कहा था. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि भारत का समाज हमेशा अन्य समाजों के लोगों के लिए खुला रहा । मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) मुसीबत में फंसे लोगों के लिए दरवाजे खोलता है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत की तुलना रूस और चीन जैसे देशों के साथ करते हुए उसे एक 'ज़ेनोफ़ोबिक' देश बताया था। जेनोफ़ोबिक यानी ऐसे



देश, जो आप्रवासियों को अपने देश में कतई नहीं चाहते या उनसे डर का माहौल पैदा किया जाता है।

## हैदराबाद में गृह मंत्री अमित शाह और माधवी लता के खिलाफ एफआईआर

**हैदराबाद,04 अप्रैल 2024 (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ हैदराबाद में सिटी पुलिस ने केस दर्ज किया है। हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार के. माधवी लता, जी किशन रेड्डी, टी यमन सिंह और राजा सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं के नाम भी एफआईआर में शामिल है।



आरोप है कि अमित शाह के मंच पर बच्चे नजर आए थे। बच्चों का चुनावी रैली में उपयोग करने के लिए आदर्श आचार संहिता का कथित उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है।

हैदराबाद पुलिस ने यह मामला तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष निरंजन रेड्डी की शिकायत पर दर्ज किया। निरंजन रेड्डी ने दावा किया कि 1 मई को लालदावाजा से सुधा टॉकीज तक भाजपा की रैली में गृह मंत्री अमित शाह सहित कई भाजपा नेताओं ने हिस्सा लिया था। मंच पर शाह के साथ कुछ बच्चे भी नजर आए।

चुनाव आयोग ने हैदराबाद पुलिस आयुक्त श्रीनिवास रेड्डी को घटना की जांच करने का आदेश दिया। सीपी के आदेश पर साउथ जोन डीसीपी स्नेहा मेहरा ने जांच की और मामला दर्ज किया। मुगलपुरा पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 188 के तहत मामला दर्ज किया और आगे की जांच कर रही है।

## अरविंदर सिंह लवली बीजेपी में हुए शामिल

**नई दिल्ली,04 अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंदर सिंह लवली को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया था कि उनका अगला कदम क्या होगा,लेकिन आज इन कयासों पर विराम लग गया है। दरअसल, अरविंदर सिंह लवली आज बीजेपी में शामिल हो गए हैं। लवली के साथ ही कांग्रेस नेता राजकुमार चौहान, अमित मलिक, तीन बार के विधायक रहे नसीब सिंह और नीरज बैसोया ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया है.। लोकसभा चुनाव से पहले अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ दिया था। उन्होंने प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया और उम्मीदवार उदित राज, कन्हैया कुमार पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि बीजेपी में शामिल होने के सवाल पर लवली ने कहा था मैंने पहले भी स्पष्ट किया और मैंने अपने इस्तीफे की चिट्ठी में भी कहा था कि अगर मैं कहीं शामिल होना चाहता हूं तो मुझे एक लाइन का इस्तीफा लिखने से कौन रोक रहा था। मैंने इस्तीफे में कारण इसलिए लिखे कि शायद उन्हें दुरुस्त कर लिया जाए।. जिस तरह से लोगों को बाहर निकाला जा रहा है,उससे अगर पीड़ा ना होती तो क्यों पद छोड़ते. मुझे थोड़ी पार्टी से बाहर निकाला जा रहा था।



## संपादकीय

# जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी

अमेरिका में बैठे कांग्रेस हितैषी सैम पित्रोदा (सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा) ने सुदूर भारत की उनींदे से चुनाव प्रचार में करंट पैदा कर दिया है। उन्होंने अमेरिकी विरासत-कर प्रणाली की सराहना करते हुए भारत में इसकी संभावना पर विचार करने को कहा है।इस एक मशविरा ने भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को कांग्रेस पर हमले के लिए दोनों हाथों में मुद्दा दे दिया है-एक ब्रह्मास्त्र थमा दिया है। वे इसे पुरखों की गाढ़ी कमाई से खड़ी की गई संपत्ति-परिसंपत्ति पर पंजा' मारने की लुटेरी नीयत मान रहे हैं।उसका लूट प्लान जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी' जारी रहने वाला है यानी माता-पिता के जीवित रहते कर लेंगे और उनके बाद वारिसों से भी। वे खुल्लमखुल्ला इशारा कर रहे हैं कि कांग्रेस उनकी संपत्ति छीन कर किसी को (मुसलमानों को?) दे देगी। धन-संपदा मनुष्य की एक स्थायी नैसर्गिक कामना है। इसे हथियाने की बात होगी तो लोग-बाग कांग्रेस से बिदकेंगे ही।पित्रोदा के सहसा सीन में आने के दो दिन पहले तक मोदी कांग्रेस के मैनिफेस्टो में संपत्ति के सर्वेक्षण पर समझा रहे थे कि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपकी संपत्ति छीन कर ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले' और घुसपैठिए' को दे देगी-महिलाओं से उनके मंगलसूत्र तक छीन लेगी। जबकि कांग्रेस का एजेंडा एक दशक में बढ़ी आय-असमानता की वजहों की जांच का है। पर मैनिफेस्टो से मोदी के जबरदस्ती निकाले जिन ने लोगों को डराना शुरू कर दिया।तब भी मोदी इन हथियारों की मारकता शेष चुनाव तक बने रहने पर आस्त नहीं थे। वे कांग्रेस और उसके गठबंधन के दुष्प्रचार के आगे डिफेंसिव थे। जो कह रहे थे कि मोदी अबकी सत्ता में आए तो न आगे चुनाव होगा, न संविधान बचेगा और न आरक्षण रहेगा।' लेकिन पित्रोदा की गलत टाइमिंग ने मोदी का समय सही कर दिया। वे फ्रंट पर हैं और विपक्ष बैकफुट पर। हालांकि कांग्रेस ने सैम की राय को निजी बता कर पल्ला झाड़ लिया है। पर नुकसान की भरपाई मुश्किल है।अमेरिका में कुल विरासती संपत्ति के मूल्य का 55 फीसद हिस्सा सरकार ले लेती है। शेष 45 फीसद पर ही भावी पीढ़ी का हक होता है। यह विश्व के दर्जनों देश में लागू है। भारत में राजीव गांधी सरकार ने वित्तमंत्री वीपी सिंह के सुझाव पर इसे अनुत्पादक मानते हुए निरस्त कर दिया था। पर इस गए विचार ने भारतीय चुनाव में एक नया हलचल पैदा कर दिया है।

# मानवता को शर्मसार करती मानव तस्करी

**"मावनता को शर्मसार कर देने वाली मानव तस्करी सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग है...मानव तस्करी आधुनिक दुनिया में होने वाले सबसे विनाशकारी मानवाधिकार उल्लंघनों में से एक है...हर 30 सेकंड में एक व्यक्ति या बच्चे की तस्करी की जाती है...3.8 मिलियन वयस्कों की तस्करी की जाती है और उन्हें यौन शोषण के लिए मजबूर किया जाता है...और हर साल दस लाख बच्चों को जबरन यौन शोषण के लिए तस्करी कर लाया जाता है...बंधुआ मदूरी भारत की सबसे बड़ी मानव तस्करी की समस्या है...जिसमें पुरुषों,महिलाओं और बच्चों को कर्ज-बंधन, पिछली पीढ़ियों से विरासत में मिले ईंट-भट्टों, चावल मिलों और कारखानों में काम करने के लिये मजबूर होना पड़ता है"...**

मानव तस्करी में बल,धमकी या जबरदस्ती जैसे तरीकों का उपयोग करके व्यक्तियों को परिवहन करना, भर्ती



**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर,
हिसार
हरियाणा

करना, स्थानांतरित करना, आश्रय देना और प्राप्त करना शामिल है। इन कृत्यों और साधनों का अंतिम उद्देश्य इन व्यक्तियों का शोषण के उद्देश्य से उपयोग करना है। इन व्यक्तियों का शोषण वेश्यावृत्ति, अंग व्यापार, यौन शोषण, जबरन श्रम, दासता और दासता जैसे विभिन्न अत्यंत अपमानजनक रूप लेता है। जिन व्यक्तियों की तस्करी की जाती है उनमें सबसे अधिक संख्या महिलाओं और बच्चों की होती है जिनका उपयोग विभिन्न अनैतिक प्रकार के श्रम या यौन शोषण के लिए किया जाता है।

मानव तस्करी के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है और इसे मानव तस्करी का स्रोत, पारगमन और गंतव्य माना जाता है। किसी एक राज्य की सीमाओं के भीतर तथा अंतरराज्जीय मानव तस्करी के अलावा नेपाल और बांग्लादेश से अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी भी काफी लंबी खुली सीमा होने के कारण भारत में होती है। पश्चिम बंगाल मानव तस्करी का नया केंद्र बनकर उभरा है। भारत से पश्चिम एशिया, उत्तरी अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में मानव तस्करी होती है। दुनियाभर में मानव तस्करी के पीड़ितों में एक-तिहाई बच्चे होते हैं।

एक अनुमान के अनुसार पिछले एक दशक में बांग्लादेश से लगभग 5 लाख महिलाएँ,लड़कियाँ और बच्चे अवैध रूप से भारत में लाए गए और यह संख्या साल-दर-साल बढ़ती ही जा रही है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल आज



भारत का सबसे बड़ा सेक्स बाज़ार बनकर उभरा है और आँकड़े भी इस बात की गवाही देते हैं। देशभर के कोठों में देह व्यापार करने वाली जो लड़कियाँ रिहा कराई गई, उनमें प्रति 10 लड़कियों में से 7 उत्तरी और दक्षिणी 24 परगना से लाई जाती हैं। इन लड़कियों में सबसे बड़ा डर पकड़े जाने का होता है, क्योंकि जब इन्हें रिहा कराकर घर वापस भेजा जाता है तो सामाजिक बदनामी से बचने के लिये परिवार वाले इन्हें स्वीकार करने से इनकार कर देते हैं।

पकड़े जाने से बचने के लिये इन लड़कियों के दलाल अपने रहने का ठिकाना और मोबाइल के सिम कार्ड लगातार बदलते रहते हैं। बांग्लादेश के साथ लगा बेनोपोल बॉर्डर मानव तस्करी के लिये दलालों द्वारा सर्वाधिक प्रयोग में लाया जाने वाला रास्ता है और बांग्लादेशी दलालों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने मज़बूत ठिकाने बना लिये है। बांग्लादेशी लड़कियों को आकर्षक रोज़गार, वेतन और सुविधाओं के अलावा विवाह तथा फिल्मों में काम करने का लालच देकर भारत लाया जाता है, जहाँ मुंबई, हैदराबाद और बंगलूरु इनके पसंदीदा ठिकाने माने जाते हैं। तस्करी उन स्थानों पर पनपती है जहां व्यापक गरीबी है। माता-पिता अपने बच्चों को बेच देते हैं क्योंकि गरीबी के कारण उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं बचता है, वे अक्सर सोचते हैं कि अपने बच्चों को बेचने से वे उन जगहों पर चले जाएंगे जो बहुत बेहतर हैं और जहां उनके जीवन में सुधार होगा। समाज के सबसे कमजोर वर्गों में से एक, जो तस्करी के प्रति अधिक संवेदनशील है, युवा महिलाएं हैं, और ऐसा इसलिए है क्योंकि अधिकांश समाजों में सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से महिलाओं को अवमूल्यन और अवांछित माना जाता है और इस तरह वे तस्करी की प्रथा के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं।

उन जगहों से पलायन करने की इच्छा जहां उनका जीवन दयनीय है, व्यक्तियों को तस्करों से संपर्क करने के लिए तैयार करती है जो शुरुआती चरणों में उन्हें बेहतर जीवन के वादे के साथ लुभाते हैं, लेकिन एक बार जब पीड़ित उनके नियंत्रण में आ जाते हैं, तो उन्हें झुकाने के लिए जबरदस्ती के उपाय लागू किए जाते हैं। अन्य कारण हैं सीमाओं की छिद्रपूर्ण प्रकृति, भ्रष्ट सरकारी अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक समूहों या नेटवर्क की भागीदारी और सीमाओं को नियंत्रित करने के लिए आव्रजन और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की सीमित क्षमता या प्रतिबद्धता।

पिछले कुछ वर्षों में तस्करी का खतरा ड्रग सिंडिकेट के बराबर एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट बन गया है। इसने पैसे और भ्रष्ट राजनेताओं की मदद से समाज में अपनी जड़ें गहरी जमा ली हैं। भारतीय कानूनी ढांचे में ठोस परिभाषाओं की कमी भी इस उद्देश्य में मदद नहीं करती है क्योंकि विभिन्न तस्कर कानूनी प्रणालियों में तकनीकी खामियों के आधार पर छूट जाते हैं। ठोस परिभाषाओं के बिना भी, कानून पर्याप्त होने चाहिए थे, लेकिन भारत में इन कानूनों के कार्यान्वयन में बहुत कुछ अधूरा रह गया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर निगरानी की कमी ने तस्करों के लिए अपना व्यापार जारी रखने के लिए एक नया मंच खोल दिया है। तस्करी की समस्या पर डेटा अपर्याप्त है, इसलिए तस्करों के पैटर्न और कार्य तंत्र उतने स्पष्ट नहीं हैं जितना होना चाहिए। यहां तक कि जब पीड़ितों को तस्करों से बरामद किया जाता है तो उनका पुनर्वास इस तरह से नहीं किया जाता है कि वे दोबारा तस्करी का शिकार न हों। मानव तस्करी का खतरा बहुत बड़ा है और न केवल ऐसे अपराधों को रोकने की जरूरत है बल्कि यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि राहत और पुनर्वास प्रक्रिया सुचारू रूप से हो। नीतियों में और सुधार करने की आवश्यकता है और विभिन्न एजेंसियों और हितधारकों द्वारा उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। मानव तस्करी से सुरक्षा का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है।देश के हर बच्चे, हर पुरुष और हर महिला को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए इस अधिकार की रक्षा की जानी चाहिए। मानव तस्करी वर्तमान विश्व के सम्मुख उपस्थित कई बड़ी समस्याओं में से एक है। तमाम कोशिशों के बावजूद इसे रोक पाना संभव नहीं हो पा रहा है और न केवल अल्प-विकसित और विकासशील देश बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या से अछूते नहीं है। मानव तस्करी भारत की भी प्रमुख समस्याओं में से एक है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# इलेक्ट्रानिक कचराःएक बड़ी चुनौती

इलेक्ट्रानिक कचरे से निकलने वाले जहरीले तत्व जैसे गैसें मिट्टी व पानी में मिलकर उन्हें बंजर और जहरीला बना देते हैं। फसलों और पानी के जरिए ये तत्व हमारे शरीर में पहुंचकर बीमारियों को



**संजय गोस्वामी,**
मुंबई

जन्म देते हैं। जहरीले तत्व जैसे गैसें, मिट्टी व पानी में मिलकर उन्हें बंजर और जहरीला बना देते हैं। फसलों और पानी के जरिए ये तत्व हमारे शरीर में पहुंचकर बीमारियों को जन्म देते हैं, लेकिन अब अगर आप अपने पुराने मोबाइल को फेंकने जा रहे हैं या उसे नए मोबाइल के बदले दुकान पर देने जा रहे हैं तो थोड़ा रूकिए। क्या आप जानते हैं कि देश में हर साल उत्पन्न होने वाले 60,000 टन ई कचरे में 1,800 टन पुराने मोबाइल फोन की बदौलत पैदा होता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस वर्ष जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक मोबाइल फोन की बदौलत होने वाले ई कचरे में 2025 तक 16 गुना का इजाफा होगा। इलेक्ट्रानिक कचरे में पुराने खराब हो चुके कंप्यूटर, मोबाइल फोन, फ्रिज या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद आते हैं। उपभोक्तावाद बढ़ने के साथ-साथ ई कचरे का निपटान देश के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। इस समस्या ने संगठित रिसाइकिलिंग नामक एक नए सेक्टर को जन्म दिया है। अब तक कई कंपनियां मोबाइल रिसाइकिलिंग के क्षेत्र में उतर चुकी हैं। बाजार में ऐसे मोबाइल फोन भी है जिनके निर्माण में सोना, चांदी और प्लेटिनम के साथ-साथ तांबे जैसी धातुओं का भी इस्तेमाल होता है। दुनिया में हर साल होने वाली सोने और चांदी की कुल आपूर्ति का 3 फीसदी हिस्सा सोने और चांदी में ही खप जाता है। इसके अलावा पैलेडियम उत्पादन का 12 फीसदी, कोबाल्ट का 18 फीसदी तथा भारी मात्रा में तांबा, इस्पात, निकल और एल्मूमीनियम भी मोबाइल तथा पीसी के निर्माण में इस्तेमाल किया जाता है। इसे या तो किसी लैंडफिल में डाल देते हैं या फिर कीमती मेटल निकालने के लिए इसको जला देते हैं, जो कि और भी नुकसानदेह है।जिन आधुनिक उपकरणों को बेकार समझकर फेंक दिया जाता है, तो उन्हें इलेक्ट्रानिक कचरे कहा जाता है। घर और ऑफिस में डेटा प्रोसेसिंग, टेलिकंयूनिकेशन, कूलिंग या एंटरटेनमेंट के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आइटम इस कैटिगरी में आते हैं, जैसे कि कंप्यूटर, किसी उपकरण के अधिकांश हिस्सों को स्थानीय स्तर पर ही रिसाइकिल किया जाता है जब कि मोबाइल फोन के प्रिंटेड सर्किट बोर्ड %पीसीबी' को धातु निकालने के लिए विदेश स्थित स्मेल्टिंग कंपनियों के पास भेजा जाता है। कीमती धातुओं के अलावा एक औसत मोबाइल फोन में लेड और मर्करी जैसे जहरीले रसायन भी होते हैं जिन्हें अगर सही तरीके से निपटाया न जाए तो पर्यावरण तथा स्वास्थ्य को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। देश में मोबाइल उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था इंडियन सेल्युलर एसोसिएशन आईसीए ई कचरे के संबंध में दिशानिर्देशों पर काम कर रही है। बड़ी मोबाइल हैंडसेट निर्माता कंपनियों ने भले ही पुराने मोबाइल वापस लेकर उन्हें रिसाइकिल करने वाली अधिकृत कंपनियों को देने की नीति घोषित कर दी हो लेकिन अधिकांश उपभोक्ताओं को अभी भी इन योजनाओं को अभी भी इन योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं है और इसलिए ये योजनाएं गति नहीं पकड़ पा रही हैं। जिन आधुनिक उपकरणों को बेकार समझकर फेंक दिया जाता है तो उन्हें इलेक्ट्रानिक कचरेकहा जाता है। जैसे कि घर और ऑफिस में डेटा प्रोसेसिंग, टेलिकम्यूनिकेशन, कूलिंग या एंटरटेनमेंट के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आइटम इस कैटिगरी में आते हैं, जैसे कि कंप्यूटर, एसी, फ्रिज, सीडी, मोबाइल, सीडी, टीवी अवन आदि। इसके लिए अलग से पूरा सिस्टम तैयार होना चाहिए, क्यों कि भारत में न सिर्फ अपने मुल्क का ई कचरे जमा हो रहा है, विकसित देश भी अपना कचरा यहीं जमा कर रहे हैं। विकसित देश इंडिया को इंपिंग ग्राउंड की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं क्यों कि उनके यहां रीसाइकलिंग काफी महंगी है। हमारे यहां इलेक्ट्रानिक कचरेकी रीसाइकलिंग और डिस्पोजल, दोनों ही सही तरीके से नहीं हो रहे। इसे लेकर जारी की गई गाइडलाइंस कहीं भी फालो नहीं हो रहीं। ग्लोबल स्तर पर सालाना 5 करोड़ टन की मात्रा में बढ़ रहे ये इलेक्ट्रानिक्स उपकरण चिंता का सबब हैं।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# शिक्षा और संस्कार की महत्ता

शिक्षा और संस्कार मानव जाति के उत्थान के लिए सर्वोपरि है बिना उच्च शिक्षा और संस्कार के मानव जन्म ही बेकार हैं । अच्छे संस्कार और शिक्षा की बलबूते पर ही एक



**मोनिका डागा आनंद ,**
चेन्नई
,तमिलनाडु

नारी दो घरों को सजाती व संवारती है और साथ ही परिवार में उच्च आदर्श स्थापित करती हैं ।

शिक्षा और संस्कार को एक दूसरे के पूरक है । बिना शिक्षा के संस्कार की पूर्ण उपयोगिता नहीं है और बिना संस्कार के शिक्षा भी अधूरी है इसलिए संस्कार के साथ शिक्षा का समावेश और शिक्षा के साथ संस्कार का मिलन होना बहुत ही आवश्यक है। संस्कार, शिक्षा को और भी मजबूत और सशक्त बना देते है व इसके समन्वय से बच्चों के बेहतर भविष्य का निर्माण होता है जो राष्ट की प्रगति में सहायक है। बिना संस्कारों के शिक्षा का कोई मोल नहीं है ।

सरल भाषा में यूं समझिए तो शिक्षा और संस्कार एक ही सिक्के के दो पहलू है, जितनी शिक्षा जरूरी है उतने ही संस्कार भी जरूरी है और इनका रिश्ता सुई धागे के जैसा है । जितना मज़बूत यह रिश्ता होता है उतना ही दीपक का उजाला दूर-दूर तक फैलता है । संस्कार से ही सुखद जीवन की नींव पड़ती है और शिक्षा के सहयोग से जीवन में प्रगति व सम्मान प्राप्त होता है। जीवन की परिपक्वता शिक्षा और संस्कारों से निकलती है और सशक्त होती हैं ।

हम बचपन से सुनते आ रहे हैं मातृ देवो भव:, पितृ देवो भव : आचार्य देवो भवः, अतिथि देवो भवः यह हमारी महत्वपूर्ण संस्कृति की एक झलक है और हमारे कुछ अनमोल संस्कार भी, जो हम आगे ले जाते हैं, और हमारे व्यक्तित्व का सुंदर सृजन करते हैं। यही हम अपने बड़े बुजुर्गों से पाते हैं और इनको अपने बच्चों में ढालने की कोशिश करते हैं । संस्कार ही जीवन दर्शन है, शिक्षा और संस्कार से ही हमारा चहुंमुखी विकास होता है । शिक्षा और संस्कार के मेल से ही सुंदर और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का निर्माण होता है ।

किसी भी समाज का उत्थान व देश की प्रगति की नीव शिक्षा और संस्कारों की सुंदर धरोहर पर निर्भर करती है, शिक्षा उच्च कोटि की होगी तो संस्कार भी मजबूत होंगे। हमें अपनी भारत भूमि पर और हमारे संस्कारों पर सदैव गर्व है।

जिनके जीवन में शिक्षा और संस्कार का बढ़िया तालमेल है वह जीवन की परीक्षा में कभी फेल नहीं होते । जीवन में कोई भी परिस्थिति हो, कोई भी कठिनाई हो, कैसा भी दौर चल रहा हो, शिक्षित और संस्कारी व्यक्ति कोई न कोई हल ढूंढ ही लेता है और अपने हौसले और आत्मविश्वास के बल पर उन कठिनाइयों की परवाह किए बगैर साहस के साथ आगे बढ़ता है और अपने जीवन में सुखद परिवर्तन का सृजन करता है ।

गुरुजनों से शिक्षा प्राप्त कर हम मन मस्तिष्क में ज्ञान की ज्योति जगाते हैं और हमारी संस्कृति व संस्कारों को और भी बलशाली बनाते हैं। हमारी जीवन शैली और भी समृद्ध, सुदृढ़ बन जाती हैं । जीवन में कई सारे मानवीय गुणों का समावेश होता हैं और पशु के भाती जीवन नहीं व्यतीत करते है ।

अशिक्षा जीवन में अनेक अनेक दुर्गुणों को जन्म देती है और संस्कारों से रहित व्यक्ति किस का भी प्रिय नहीं हो सकता । यह संस्कार हमारी आत्मा को पवित्र रखने में सहायक होते है। हम अपराध और ग़लत कर्मों को करने से बच जाते हैं हमारे जीवन में पुण्यों का संचय होना शुरू हो जाता है और हम अपना कर्म सोच समझकर करते हैं ।

इसीलिए जीवन में शिक्षा और संस्कारों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है ।कोई भी व्यक्ति कितना बड़ा धनवान हो या गरीब हो इससे फर्क नहीं पड़ता, उसका व्यवहार सबके साथ कैसा है क्या वह संस्कारी है और शिक्षित है यह मायने रखता है । जीवन में शिक्षा और संस्कार बहुत ही आवश्यक है तभी मानव मानव है और वह अपने कर्मों से देवत्व की प्राप्ति भी कर सकता है । जिसके पास शिक्षा उत्तम कोटि की है और जिसमें संस्कारों का दिव्य तेज है वही मनुष्य समाज के लिए आदर्श और अनुकरणीय बन जाता है ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# विनाशक पर्यावरण प्रदूषण और उष्णता से झुलसता देश

## » दिल्ली में स्थाई समाधान की बाट जोहते नागरिक?

अब सिर्फ इसी की कसर रह गई थी कि भारत का दिल,देश की राजनीति का केंद्र और ब्यूरोक्रेट्स की नगरी दिल्ली विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना



**संजीव ठाकुर**
चौबे कॉलोनी
रायपुर छत्तीसगढ़

जा रहा है । विडंबना है कि गाजा में इजरायली की बमबारी के बाद जितना प्रदूषण वहां हुआ है उससे कहीं ज्यादा वर्तमान में दिल्ली में फैला हुआ है। दिल्ली के बाद बांग्लादेश का ढाका शहर सर्वाधिक प्रदूषित माना जाता है । दिल्ली में कई सरकारें आई और गइं, केंद्र में भी ऐसा ही हुआ है पर दोनों सरकारें एक दूसरे पर दोषा-रोपण कर अपनी इति श्री कर लेती है। इसका स्थाई समाधान आज तक कोई नहीं खोज पाया और नतीजा दिल्ली शहर के बच्चे और बुजुर्ग फेफड़े और सांस की बीमारी से त्रस्त हो चुके हैं।

दिल्ली का वायु प्रदूषण करोना से भी ज्यादा स्थाई खतरा माना जा रहा है। बच्चे और बुजुर्गों के लिए खासकर उनकी स्वास नलियों तथा फेफड़ों में प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों से उनके वायु तंत्र को अवरुद्ध कर कर उन्हें बीमार बना देते हैं। यह एक गंभीर समस्या है। पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मुंबई, कोलकाता और अन्य राज्यों की राजधानी में खासकर शीतकाल में अत्यंत चिंताजनक स्थिति पैदा हो जाती है। गर्मियों में प्रदूषण तथा गर्मी लोगों को बुरी तरह संक्रमित करती है।

दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के 8 बड़े शहर का पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण खतरे के निशान से काफी ऊपर जा चुका है, अस्थमा तथा फेफड़े की बीमारियों के मरीज की संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है और सरकारें इसे संभाल नहीं पा रही है, पूर्व में कोविड-19 का संक्रमण वायु प्रदूषण के साथ जुगलबंदी कर लोगों की जान ले रहा था। वायु प्रदूषण स्थाई समस्या है यह करोना से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। करोना का इलाज तो वैक्सीनेशन से किया जा सकता है, एवं उसकी दवाई बनाई जा सकती है,



और बनाई भी जा रही है। पर वायु प्रदूषण, पर्यावरण की गंभीर समस्या जिस पर यदि लगाम नहीं लगाई गई तो लाखों लोगों को सांस की बीमारियों से बचाया नहीं जा सकेगा।

समग्र रूप से पर्यावरण में अपशिष्ट पदार्थों का बिगड़े अनुपात में मिलना ही प्रदूषण को वातावरण में जन्म देता है। वैसे तो प्रदूषण के कई प्रकार हैं, जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि इत्यादि। पर वायु प्रदूषण इन सब में सर्वाधिक खतरनाक और मानवीय जीवन के लिए संहारक है। वायु में विषैली गैस के मिश्रण धूल और उद्योग द्वारा फैलाए गए जहरीले अपशिष्ट गैसों से वायु प्रदूषण तेजी से फैलता है। अमेरिकी शोध संस्थान द्वारा स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि भारत में वायु प्रदूषण से जनसंख्या के 40 से 45 प्रतिशत लोग प्रभावित हैं। एवं वायु प्रदूषण के कारण संपूर्ण जीवन में जीने के लिए 10 से 15 वर्ष तक उनकी जिंदगी के कम हो सकते हैं। क्योंकि भारत वैश्विक देशों से सर्वाधिक वायु प्रदूषित देश माना जाता है। इस शोध संस्थान द्वारा चेतावनी के साथ मशवरा भी दिया गया है कि वायु प्रदूषण को तत्काल कम करने के कारगर उपाय करने होंगे अन्यथा देश के बड़े शहरों में और उद्योग नगरी के साथ में बसे हुए शहरों में वायु प्रदूषण से मानव जिंदगी को खतरे बढ़ सकते हैं। भारत में दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, चेन्नई तथा मध्यम जनसंख्या वाले लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, रायपुर, इंदौर तथा उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में वायु प्रदूषण के कारण ज्यादा दमा तथा अस्थमा से मौतें हुई हैं। करोना काल में भी वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होने के कारण कई मरीजों की विषम परिस्थितियों में मृत्यु हुई है। कोविड-19 के संक्रमण से सबसे ज्यादा मरने वाले व्यक्तियों में वायु प्रदूषित व्यक्ति ही फेफड़ों की खराबी के कारण मृत्यु को प्राप्त हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का औसत हवा में प्रदूषण कारी सूक्ष्म कणों की मौजूदगी 70.3 प्रतिशत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्वस्थ वायु प्रदूषण की मानक की स्थिति 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर मानी गई है। इस तरह भारत मैं प्रदूषण के महीन कणों की उपस्थिति विश्व के अन्य देशों की तुलना में 7 गुना प्रति क्यूबिक मीटर ज्यादा आंकी गई है। जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अति खतरनाक बताई गई है। इस तरह भारत दुनिया का सबसे प्रदूषित देश माना गया है। यहां जनसंख्या के 48 करोड़ लोग वायु संक्रमित पाए गए हैं इस तरह देश की लगभग 40त्न आबादी जहां वायु प्रदूषण का स्तर एवं अन्य प्रदूषण का स्तर भी नियमित रूप से दुनिया में कहीं भी पाए जाने वाले स्तर से बहुत अधिक है। जोकि स्वास्थ्य संगठनों की नजरों में बहुत ही चिंतनीय एवं गंभीर है। अमेरिका के एक शहर शिकागो में स्थित एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट ऑफ पोलूशन द्वारा बताया गया है कि दिल्ली और उत्तरी भारत में रहने वाले 48 करोड़ से ज्यादा लोग प्रदूषण के बढ़े हुए स्तर पर जल प्रदूषण में जी रहे हैं। प्रदूषण जो कोविड-19 के संक्रमण से भी ज्यादा खतरनाक है। क्योंकि कोविड-19 का संक्रमण एक संक्रामक रोग है, जिसकी वैक्सीन लगाकर रोकथाम की जा सकती है। पर पर्यावरण में प्रदूषित करने वाले सूक्ष्म पार्टिकल समान रूप से सभी नागरिकों को अपनी गिरफ्त में लेकर उनके फेफड़े खराब करने का काम करता है जो ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा है। मनुष्य स्वाभाविक रूप से प्रकृति पर निर्भर है। प्रकृति पर उसकी निर्भरता तो समाप्त नहीं की जा सकती है। किंतु प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते समय हमें इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण पर ना पड़े या कम से कम पड़े। हमें उद्योगों की संख्या के अनुसार उसी अनुपात में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण भी करना पड़ेगा। वृक्षारोपण आज पर्यावरण से बचाने की एक बड़ी तथा महती आवश्यकता है। वातावरण में घुली विषैली गैस होने के कारण शहर में मनुष्य का सांस लेना भी मुश्किल होता जा रहा है। विश्व की जलवायु में तेजी से हो रहे परिवर्तन के कारण पर्यावरण असंतुलन का बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ मोटर, रेल,घरेलू, औद्योगिक मशीनें एयर कंडीशन आदि वायु प्रदूषण के लिए अत्यंत खतरनाक माने गए हैं। परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर और देश के नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाना होगा।और वृक्षों तथा जंगलों की कटाई को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाने की तत्काल आवश्यकता है। अन्यथा इसके दुष्परिणाम सामने आने लगेंगे तथा इसका सर्वाधिक प्रतिकूल प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पड़ेगा। वैश्विक आकलन के अनुसार भारत की विशाल जनसंख्या एक शक्ति तथा बाजार का उपभोक्ता केंद्र है। अतः हमें अपने नागरिकों की जनसंख्या को पर्यावरण प्रदूषण की बलि चढ़ने से रोकना होगा। वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा प्रभाव नौनिहालों और बुजुर्ग व्यक्तियों पर पड़ता है। दोनों की रक्षा करना देश तथा आमजन का प्रथम दायित्व होगा। अब हमें कोरोना के अलावा वायु प्रदूषण से भी युद्ध स्तर पर जंग करनी होगी। क्योंकि भारत देश विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित देश माना जाने लगा है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## अहंकार



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी गरियाबंद छत्तीसगढ़

उन्नति की अहंकार मे ना खोओ तुम
असफलता की साया पर ना रोओ तुम
अहंकार उन्नति का प्रबल बाधा है
अरे दुर्बल मन तू ने इसे क्यों साधा है
अंहकार ले डूबा सर्व ज्ञानी रावन को
महादानी सहज़ समझ बैठा बावन को
अंहकार सम ना कोई अपना दुश्मन
निंदक के समान ना कोई है कुन्दन।।
क्रोध होता असफलता का एक पहचान
अहंकार खोता रिश्ता संग अपना सम्मान
अहम का भाव हमेशा खोता ज्ञान
गंभीरता से सोच इस बात को जान।

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# करोड़ों के नजूल जमीन फर्जीवाड़ा किये जाने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 मई 2024 (घटती-घटना)।**

राजमोहिनी देवी भवन के पीछे शासकीय नजूल भूमि के मूल रिकॉर्ड में कूटरचना कर निजी भूमि में दर्ज कराकर बिक्री करने के अलावा मामले में चर्चित व्यक्ति बंशु लोहर का बैंक अकाउंट फॉर्म भरने सहित शासकीय भूमि के सम्बन्ध में तैयार आरआई पंचनामा में हस्ताक्षर किया गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, आरोपी के भाई की रजिस्ट्री के दस्तावेज एवं वर्तमान में उपयोग किया जा रहा मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420,467, 468, 471, 120(बी) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



पुलिस के अनुसार देव सिंह उईके नजूल अधिकारी अम्बिकापुर द्वारा 11 मार्च 2024 को थाना गांधीनगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने रिपोर्ट में बताया था कि शिकायत कर्ता कमल सिंह पिता स्व. रामबाबू सिंह निवासी अम्बिकापुर द्वारा 12 जनवरी 24 को कलेक्टर सरगुजा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर नमनाकला स्थित शासकीय नजूल की भूमि खसरा नंबर 243/1 में से रकबा 1.710 हेक्टयर भूमि को फर्जी तरिके से नामांतरित कर करोड़ों रूपये की राशि हड़प कर भ्रष्टाचार किया गया है। उक्त शिकायत पत्र की जांच कलेक्टर के आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) फागेश सिन्हा द्वारा किया था। भूमि से संबंधित पूर्व रिकार्ड, नामांतरण पंजी,सेंटल में राजस्व प्रकरण से संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन कर 8 फरवरी को विस्तृत जांच रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। उक्त जांच रिपोर्ट में तत्कालीन राजस्व निरीक्षक नजूल अधिकारी नीलम टोप्पो, तत्कालीन नजूल लिपिक अजय तिवारी, तत्कालीन राजस्व निरीक्षक नजूल नारायण सिंह, तत्कालीन राजस्व निरीक्षक अम्बिकापुर राहुल सिंह द्वारा उक्त भूमि को सुनियोजित तरिके से षडयंत्र पूर्वक बन्सु पिता भुटकुल के नाम पर नामांतरित किया किया था। बन्सु लोहार द्वारा अलग-अलग व्यक्तियों को बिक्री कर शासन को करोड़ों रूपये की हानि होना पाया गया है। विवेचनाा के दौरान पुलिस ने घुटरापारा निवासी आकाश अग्रवाल उर्फ गोलू 34 वर्ष मामले में संलिप्त पाए जाने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आकाश अग्रवाल ने फर्जी तरीके से जमीन नामांतरित कराना और उसे बिक्री करने की बात स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी आकाश अग्रवाल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

### शासकीय भूमि को कराया गया था निजी मद में शामिल

पुलिस ने बताया कि आरोपी आकाश द्वारा आरोपी बन्सु लोहार के बैंक अकाउंट में फॉर्म भरना तथा शासकीय भूमि के संबंध में तैयार आरआई पंचनामा में हस्ताक्षर किया गया था। प्रकरण के आरोपी द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर शासकीय नजूल भूमि के मूल रिकार्ड में कूटरचना कर शासकीय भूमि को निजी मद में आरोपी बन्शू के नाम पर अवैध तरिके से दर्ज कराकर बिक्री किया गया था। राजमोहिनी देवी भवन के पीछे स्थित 4.22 एकड़ जमीन घोटाला मामले में शामिल बंशु लोहार आत्मज भुटकुल जो कि चर्चा का विषय बना हुआ था। बंशू लोहार 10 अप्रैल को सीजीएम न्यायालय में सरेंडर किया था। मामले में गांधीनगर पुलिस ने बंशू लोहार को रिपामंड पर लिया था। पुलिस ने रिमांड अवधी पूर्ण होने के बाद बंशू लोहार को जेल दाखिल कर दिया था। वहीं इसके पुत्र रामकुमार को भी जेल दाखिल कर दिया गया है। इस मामले में अब तक तीन आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

## 9 जुआरियों से 2 लाख रुपए जब्त,चार्जेबल बल्ब की रोशनी में खेल रहे थे जुआ



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 मई 2024 (घटती-घटना)।**

शहर से लगे मानिकप्रकाशपुर मैदान में जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात धरदबोचा। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 लाख रुपए जब्त किया है। जुआरियों ने चार्जेबल बल्ब की रोशनी में जुए की महफिल सजा रखी थी। पुलिस ने सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

अंबिकापुर सीएसपी रोहित कुमार शाह को शुक्रवार की रात मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मानिकप्रकाशपुर स्थित मैदान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही उनके नेतृत्व में कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान जुआरी चार्जेबल बल्ब की रोशनी में हार-जीत का दांव लगाने में मशगूल थे। जब उनकी नजर अचानक पुलिस पर पड़ी तो वह हड़बड़ा गए। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर 9 जुआरियों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से 2 लाख 1 हजार 170 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की है। पकड़े गए जुआरियों में मदन गुप्ता 28 वर्ष निवासी इमलीपारा, प्रेम कुमार 43 वर्ष निवासी करजी भदईटिकरा थाना दरिमा, अम्बीशंकर 29 वर्ष निवासी करजी दरिमा, वीरेंद्र साहू उम्र 40 वर्ष निवासी बिलासपुर चौक मणिपुर, जाहरू दास 48 वर्ष निवासी छिंदकालो थाना दरिमा, सूरज दास 35 वर्ष निवासी कंठी दरिमा, भुनेश्वर राजवाड़े 42 वर्ष निवासी करजी दरिमा, सुरेन्द्र सरजाल 36 वर्ष निवासी करजी दरिमा व प्यारेलाल 44 वर्ष निवासी कंठी दरिमा शामिल हैं।



## बंगाली चौक के पास गुमटी में लगी आग

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर, 04 मई 2024 (घटती-घटना)।** शहर के बंगाली चौक के पास शुक्रवार की शाम को गुमटी में आग लग गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार शहर के बंगाली चौक के समीप यात्री प्रतिक्षालय के पास गुमटी संचालित है। उक्त गुमटी में शुक्रवार की शाम अचानक आग लग गई। घटना के समय गुमटी बंद था। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और गुमटी का दरवाजा तोडक़र कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी से गुमटी का सामान जलकर खाक हो गया है।

## मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा शरबत प्याऊ का किया गया शुभारंभ

**- सवाददाता -**
**अंबिकापुर, 04 मई 2024 (घटती-घटना)।**

गर्मी आते ही विभिन्न समाज व संगठन के लोग प्याऊ लगा कर राहगीरों को पानी पिला रहे हैं। लेकिन अम्बिकापुर शहर का मारवाड़ी समाज प्याऊ में प्रतिवर्ष शरबत के साथ खीरा,चना,तरबूज व अन्य चीजों का वितरण करता है। मारवाड़ी युवा मंच अम्बिकापुर द्वारा यह अनोखा प्याऊ लगाया जाता है जिसमें समाज के लोगों का भी भरपूर सहयोग मिलता है। मंच द्वारा यह सेवा कई वर्षों पूर्व से चली आ रही है जिसे निरंतर चलाया जा रहा है। शुक्रवार को अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय मित्तल व मंच के अध्यक्ष सौरभ केडिया की उपस्थिति में प्याऊ का शुभारंभ किया गया जिसमें अग्रवाल सभा के साथ मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य भी उपस्थित थे। खरसिया रोड में जाने पर आपको शरबत से भरे गिलास व खाने के लिए अन्य चीजें दिखाई देंगी जहां आप रुकने को मजबूर हो जाएंगे। प्याऊ के संचालक शुभम अग्रवाल ने बताया कि खरसिया रोड व्यस्तम मार्ग है, इस मार्ग में थोक दुकानें भी हैं जहां मजदूर व ग्रामीण इलाकों से दुकानदार बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, साथ ही अन्य राहगीरों का भी आवागमन होता है। प्रतिवर्ष गर्मी बढ़ती जा रही है जिससे गर्मी में शरीर मे शुगर लेवल व पानी कम हो जाता है जिससे कमजोरी भी आती है। इससे मीठा शरबत पीने से प्यास के साथ साथ शरीर को भी राहत मिलती है। मंच द्वारा शुद्ध तरीके से ठंडा शर्बत तैयार किया जाता है। साथ ही खाने के लिए प्रत्येक दिन चना, गुड़, खीरा, तरबूज व अन्य चीजों का भी वितरण किया जाता है।




## दिन दहाड़े सूने मकान का ताला तोडक़र ढ़ाई लाख की चोरी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 मई 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के गंगापुर में स्थित सूने मकान में दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे घर वाले ताला बंदकर अपने बीमार पिता को देखने पार्वतीपुर गए हुए थे। शाम को वापस लौटे तो मेन गेट का ताला खोलकर अंदर घुसे तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी का लॉक तोडक़र नकदी व जेवरात पार कर दिया है। कुल चोरी दो से ढ़ाई लाख रुपए की बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।



जानकारी के अनुसार कमल उपाध्याय गांधीनगर थाना क्षेत्र के गंगापुर का रहने वाले हैं। इनके पिता की तबियत कुछ दिनों से खराब चल रही है। इलाज के लिए पार्वतीपुर में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की सुबह 11 बजे कमल उपाध्याय सह परिवार अपने बीमार पिता को देखने गए थे। घर में ताला बंद था। शाम को वापस लौटे तो मेन गेट में ताला लगा हुआ था। उसे खोलकर अंदर घुसे तो घर के दरवाजा का ताला टूटा था और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। वहीं अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। परिवार के सदस्यों ने अलमारी में रखे सामान को मिलाया तो पता चला की नकदी व जेवरात नहीं है। कुल चोरी लगभग दो से ढ़ाई लाख रुपए की बताई जा रही है। कमल उपाध्याय ने मामले की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की।

## तलवार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 04 मई 2024 (घटती-घटना)।**

गांधीनगर पुलिस ने धारदार हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार 3 मई को गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की नावापारा महाकोलेश्वर मंदिर के पास एक व्यक्ति तलवार दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी फरार हो गया। वहीं 4 अप्रैल को पुन- आरोपी पड़ोसी को तलवार दिखाकर जान से मारने की धमकी दे रहा था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी नवापारा निवासी निरंजन तिर्की (59) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तलवार जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अनिल पाण्डेय, आरक्षक बृजेश राय, इजहार अहमद, अनिल सिंह, अरविंद उपाध्याय, घनश्याम देवांगन शामिल रहे।



## व्यापारी संगठन का मतदाता जागरूकता अभियान



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 मई 2024 (घटती-घटना)।**

व्यापारी संगठन कैट द्वारा शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर तीन दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इसमें शहर के सभी व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों में जाकर व्यापारियों को अपील पत्र और पोस्टर देकर निवेदन किया जा रहा है कि 7 मई को पहले मतदान करें, फिर व्यवसाय का संचालन करें। अपील में श्रम पदाधिकारी के हवाले से बोला गया है कि मतदान के दिन अपने कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दें और दूरांचल के कर्मचारी कार्यरत हों तो मतदान में पहुंचने और आने तक के समय अनुसार अवकाश प्रदान करें। कैट के जिला अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी ने अपने पदाधिकारियों के साथ शहर में व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों में जाकर पत्र और पोस्टर देकर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर शामिल होने का आग्रह किया है। अपील पत्र में कहा गया है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में मजबूत सरकार के गठन हेतु शत-प्रतिशत मतदान कराना आवश्यक है। देश महाशक्ति तब बनेगा जब देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तो इसका लाभ सभी को मिलेगा और इस राष्ट्रहित कार्य में व्यापारियों की भूमिका अहम है, क्योंकि व्यापारी देश की रीढ़ है। इस अपील के बाद व्यापारियों ने भी कहा है कि पहले मतदान करेंगे फिर दुकान करेंगे। कैट के इस आयोजन में रविन्द्र तिवारी, मुकेश अग्रवाल,अजीत अग्रवाल, पंकज गुप्ता, शुभम् अग्रवाल व राजू छाबड़ा सक्रिय हैं।

## धूमधाम से मनेगा परशुराम जन्मोत्सव...शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा...बनी रूपरेखा

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 04 मई 2024 (घटती-घटना)।**

भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी एवं समाज के भवन निर्माण के संबंध में चर्चा एवं निर्णय हेतु सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाज की आम सभा 1 मई को भगवान परशु राम मंदिर स्थल पर समाज के अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता तथा समाज के संरक्षक आरएन अवस्थी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई। सभा का संचालन कर रहे समाज के सचिव विकास पाण्डेय द्वारा उपस्थित सभी पदधिकारियों को उनके विचार, सुझाव के लिये आमंत्रित किया। समाज के सलाहकार मण्डल के सदस्य जयराम मिश्र ने सभी प्रान्तों के विप्र बन्धुओं को इसमें सम्मिलित करने का सुझाव दिया। संयोजक आलोक दुबे ने संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोडऩे की बात कही। साथ ही सभी लोग को परिवार सहित शोभा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। संयोजक द्वितेन्द्र मिश्रा ने 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव भव्य रूप में मनाने के लिये चल रही तैयारी पर संतोष व्यक्त किया।



संयोजक राजेश तिवारी ने इस कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया। संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि आरएन अवस्थी द्वारा भी इस कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी गईं। समाज के उपाध्यक्ष चन्द्रसेन तिवारी द्वारा कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में अवगत कराया गया। उपाध्यक्ष सुजीत चतुर्वेदी द्वारा कार्यक्रम की तैयारी सुनियोजित ढंग से किए जाने पर खुशी जाहिर की गई। उपाध्यक्ष श्रीनिवास आयन्गर द्वारा इस कार्यक्रम को पूरा सहयोग एवं समय देने की बात कही गई। महिला समिति की अध्यक्ष वसुधा तिवारी ने कहा कि हम लोग घर-घर जाकर महिलाओं को आमत्रण दे रहे हैं, हमारी संख्या इस वार अत्यधिक रहेगी। स्मिता तिवारी ने कहा शोभा यात्रा में सभी लोग परिवार सहित आएं। समाज के संरक्षक सत्येन्द्र तिवारी ने भी सभी ब्राह्मणों को जोडऩे की बात रखी। समाज के विशेष आमंत्रित सदस्य राजीव पाठक द्वारा शोभा यात्रा को भव्य बनाने हेतु पूर्ण सहयोग देने की बात कही गई। अजय तिवारी विशेष आमंत्रित सदस्य द्वारा भी अपना सुझाव रखा गया। समाज के अध्यक्ष कौशलेंद्र पाण्डेय ने बताया कि शोभा यात्रा को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु प्रत्येक कार्य के लिये पृथक पृथक समिति बनाकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आभार प्रदर्शन सह सचिव मनोज तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. बृजेश पांडेय,शिरीष मिश्रा, डॉ. इति चतुवेर्दी, परशुराम उपाध्याय,मंदिर के पुजारी महेन्द्र उपाध्याय, सत्येन्द्र पांडेय, सतीश तिवारी,बच्चू तिवारी,अनुज दुबे, मनोज तिवारी,प्रेमचन्द्र तिवारी,दीनानाथ तिवारी,महेन्द्र पाण्डेय,सच्चिदानंद पाण्डेय, डॉ. निर्मल पाण्डेय, जयप्रकाश चौबे, चन्द्रभूषण मिश्रा, सुनील तिवारी,विश्वजीत भारद्वाज, राहुल शुक्ला,मधु शर्मा, ज्योति द्विवेदी,अनुना डबराल,अरुण चौबे,रमेश पाण्डेय,अजीत तिवारी,सुरेन्द्र चौबे,संजय पाण्डेय,रमेश तिवारी, प्रमोद दुबे, अशं पाण्डेय, हर्ष पाण्डेय व अन्य विप्रजन उपस्थित रहे।

CMYK

# रटगर्स विश्वविद्यालय में फलस्तीन समर्थित प्रदर्शन में दिखे कश्मीरी झंडे,नाराज हुए भारतीय अमेरिकी

**वॉशिंगटन, 04 मई 2024।** फलस्तीन के समर्थन में इन दिनों अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे ही प्रदर्शन के दौरान न्यू जर्सी स्थित रटगर्स विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों ने फलस्तीन और कुर्द झंडों के साथ ही कश्मीर के अलगाववादी झंडे भी लहराए। इस पर भारतीय अमेरिकी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की है। भारतीय अमेरिकी समूहों ने रटगर्स विश्वविद्यालय के चांसलर द्वारा कश्मीरी झंडे लहराने की अनुमति देने की आलोचना की और कहा कि इससे गलत संदेश जाएगा।



### रटगर्स यूनिवर्सिटी प्रशासन के फैसले से नाराजगी

शुक्रवार को रटगर्स विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे समूह ने बताया कि रटगर्स यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उनकी 10 में से आठ मांगें मान ली हैं। इसमें से एक मांग ये भी है कि दुनियाभर में जिन लोगों पर कब्जा है, उनके झंडे लहराए जाएं, जिनमें फलस्तीन, कुर्द के साथ ही कश्मीर का झंडा भी शामिल है। हालांकि ऐसी खबरें आ रही हैं कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने ऐसी कोई मांग नहीं मानी है।

### भारतीय अमेरिकी संगठनों ने जताई नाराजगी

कई भारतीय अमेरिकी संगठनों ने इस पर नाराजगी जताई है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के सुहाग शुक्ला ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन झुक गया है। एक अन्य संगठन कोएलिशन ऑफ हिंदू ऑफ नॉर्थ अमेरिका (CoHNA) ने भी यूनिवर्सिटी प्रशासन की आलोचना की और कहा कि इससे कश्मीर के अल्पसंख्यक समुदाय को नफरत और गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। इसी झंडे के नीचे कश्मीरी हिंदुओं को उनके अपने घर से विस्थापित कर दिया गया। धर्मा विवेक नामक एक यूजर ने लिखा कि रटगर्स यूनिवर्सिटी ने सभी सार्वजनिक संस्थानों के लिए गलत उदाहरण पेश किया है। अराजकतावादियों से समझौता करना गलत है और यह जनता के विश्वास के साथ धोखा है। गौरतलब है कि रटगर्स यूनिवर्सिटी में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के छात्र पढ़ते हैं और न्यू जर्सी में भारी तादाद में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पीपल ऑफ इंडियन ओरिजन के अध्यक्ष थॉमस अब्राहम ने भी रटगर्स यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष को पत्र लिखकर विरोध प्रदर्शन के दौरान कश्मीर का अलगाववादी झंडा लहराने पर नाराजगी जाहिर की।

## मुख्य न्यायाधीश ईसा पर भड़के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान,पीटीआई से पक्षपात करने का लगाया आरोप

**इस्लामाबाद,04 मई 2024।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद है। इस बीच, उन्होंने पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश पर निशाना साधा। सीजेपी काजी फैज ईसा पर उन्होंने पीटीआई के प्रति पक्षपाती होने का आरोप लगाया। उन्होंने न्यायपालिका से आग्रह किया है कि उनके मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जाए।

**इमरान खान ने सीजेपी पर साधा निशाना-** अदियाला जेल में पत्रकारों को दिए एक संदेश में खान ने न्यायमूर्ति ईसा को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार की 'बी टीम' बताया। उन्होंने कहा, 'मैं अपने मामलों की सुनवाई कर रहे सभी न्यायाधीशों से आग्रह करता हूं कि वे सुनवाई में तेजी लाएं और मुकदमे में हो रही देरी से बचें। फैसलों में देरी करना अन्यायपूर्ण है। इमरान ने सीजेपी की आलोचना करते हुए कहा, 'आपने पीटीआई से चुनाव चिन्ह छीन लिया। समान अवसर देने से इनकार कर दिया। नौ मई की घटनाओं की आड़ में मौलिक मानवाधिकारों का उल्लंघन किया। पिछली मई से हमारी याचिका लंबित है। आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।' उन्होंने आगे कहा, 'उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की टिप्पणियों से साबित हो गया कि देश में जंगल कानून कायम है। अब सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए उच्च न्यायालयों के गलत फैसलों को खारिज करने का समय आ गया है।



## अच्छे और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं,इंटरपोल महासभा में भारत




**लियोन,04 मई 2024।** भारत ने आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथ और साइबर सक्षम वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने और उन्हें रोकने के लिए इंटरपोल चैनलों के जरिए ठोस कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं होने की बात पर जोर दिया और कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है।

### लियोन में हुई इंटरपोल की 19 वीं महासभा

फ्रांस के लियोन में हाल ही में संपन्न हुई इंटरपोल की 19 वीं महासभा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक प्रवीण सूद ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच सांठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर बात की।

सूद ने कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसके अलावा, आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद, बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता।

सीबीआई द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस कार्यक्रम में 136 देशों के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो ने भाग लिया, जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने किया।

### भारत में सीबीआई नोडल एजेंसी

प्रत्येक देश में राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। इंटरपोल में सभी सदस्य देश एक प्लेटफॉर्म अपने देश में मौजूद बड़े अपराधियों की जानकारी एक-दूसरे के साथ शेयर करते हैं। भारत में सीबीआई ऐसे मामलों में इंटरपोल के संपर्क में रहती है। सीबीआई ही इंटरपोल और अन्य जांच एजेंसियों के बीच नोडल एजेंसी का काम करती है। भारत से जब भी कोई अपराधी विदेश भाग जाता है या उसके विदेश भागने की आशंका होती है तो उसके खिलाफ लुकआउट या रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।

### इंटरपोल के जरिए समन्वय बढ़ाने की मांग की

प्रवक्ता ने कहा कि कई देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ चर्चा के दौरान भारत ने संगठित अपराध, आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, धन शोधन, ऑनलाइन कट्टरपंथ, साइबर सक्षम वित्तीय अपराधों से निपटने और रियल-टाइम के आधार पर इन अपराधों को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई के उद्देश्य से इंटरपोल के जरिए समन्वय बढ़ाने की मांग की। तीन सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका, ब्रिटेन और सऊदी अरब सहित कई देशों के साथ चर्चा के दौरान इंटरपोल के जरिए।

## भारत ने कराई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या,कनाडा के शीर्ष नेता जगमीत सिंह ने लगाए गंभीर आरोप

**ओटावा,04 मई 2024।** कनाडा के शीर्ष नेता जगमीत सिंह ने आरोप लगाया है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारत ने कराई है। जगमीत सिंह इससे पहले भी भारत पर आरोप लगा चुके हैं। एक तरफ जगमीत सिंह भारत पर लगा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कनाडा की पुलिस अभी तक ऐसा कोई सबूत पेश नही कर सकी है, जिससे पता चले कि निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है।

**जगमीत सिंह ने भारत पर लगाए गंभीर आरोप**

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में जगमीत सिंह ने लिखा कि भारत सरकार ने कातिलों की मदद से कनाडा की धरती पर कनाडा के नागरिक की हत्या कराई, वो भी एक पूजा स्थल पर। आज इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। मैं साफ कर दूं कि कोई भी भारतीय एजेंट या भारत सरकार का कोई आदमी इस मामले में संलिप्त पाया जाए तो उसके खिलाफ कनाडा के कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। कनाडा में लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए हरदीप सिंह निज्जर को न्याय मिलना जरूरी है।



### निज्जर की हत्या में तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

जगमीत सिंह कनाडा की राजनीतिक पार्टी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के नेता हैं। जगमीत सिंह की एनडीपी पार्टी का पीएम जस्टिन ट्रूडो की पार्टी के साथ गठबंधन है। बीते साल कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भी भारत पर निज्जर की हत्या में शामिल होने के आरोप लगाए थे। भारत ने कनाडा पीएम के आरोपों को बेतुका बताया था। इस मुद्दे पर भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव भी आ गया था। अब कनाडा पुलिस ने निज्जर की हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद यह मामला फिर गरमा गया है।

हालांकि कनाडा की पुलिस ने अभी तक निज्जर हत्याकांड में ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया है, जिससे निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता का पता चले। कनाडा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों की तस्वीरें जारी की। तीनों आरोपी भारतीय नागरिक बताए जा रहे हैं, जिनके नाम करनप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और करन बरार हैं। तीनों को एडमंटन शहर के अलबर्टा इलाके से गिरफ्तार किया गया। कनाडा पुलिस ने उस कार की भी तस्वीर जारी की है, जो हत्या में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई थी।

## फ्रीजर में मिले पांच में से चार बच्चों के शव,फिर भी महिला को नहीं मिली सजा




**वॉशिंगटन, 04 मई 2024।** अमेरिका से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां साल 2022 में एक फ्रीजर से चार बच्चों के शव मिले थे। इस मामले में एक 69 वर्षीय महिला पर आरोप लगाए गए थे। हालांकि, अब सफोल्क काउंटी के जिला अटॉर्नी ने घोषणा की है कि महिला के खिलाफ कोई आरोप दायर नहीं किया जाएगा।

### हैरान करने वाले मामला

जिला अटॉर्नी केविन हेडन ने 17 नवंबर, 2022 के मामले को अबतक का सबसे जटिल, असामान्य और हैरान करने वाला मामला बताया। हेडन ने मंगलवार को कहा कि जांच करने वाले अधिकारियों को यह नहीं पता चला कि बच्चे जिंदा पैदा हुए थे या नहीं। इसकी वजह से महिला के खिलाफ आपराधिक आरोप नहीं लगाने का फैसला लिया गया।

### पुलिस को एक शख्स ने दी जानकारी

जिला अटॉर्नी कार्यालय ने कहा कि एक शख्स ने पुलिस को फोन करके बताया था कि जब पत्नी उसकी बहन के अपार्टमेंट की सफाई कर रही थी तब फ्रीजर में बच्चों के शव मिले। पुलिस दक्षिण बोस्टन के एक अपार्टमेंट में पहुंची और फ्रीजर से बच्चों के शव निकाले।

### ऐसे मिले शव

अभियोजक कार्यालय ने कहा कि बच्चों में दो लड़के और दो लड़कियां थे। बच्चों को पन्नी में लपेटकर जूतों के बॉक्स में रखा गया था। डीएनए टेस्ट से पता चला कि वे सभी भाई-बहन थे और उनके पिता की साल 2011 में मौत हो गई थी।

### इन सवालों के नहीं मिले जवाब

केविन हेडन ने कहा, हम कभी नहीं जान पाएंगे कि एलेक्सिस अल्दामिर के अपार्टमेंट में पाए गए चार बच्चे कहां या कब पैदा हुए थे। हम कभी नहीं जान पाएंगे कि क्या चार बच्चे जीवित पैदा हुए थे और हम कभी नहीं जान पाएंगे कि उनके साथ क्या हुआ। हम कभी नहीं जान पाएंगे कि एलेक्सिस अल्दामिर ने अपनी गर्भावस्था को कैसे छिपाया या उसने ऐसा करने का फैसला क्यों किया।

## मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 मई 2024 (घटती-घटना)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्यक्रम अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 सरगुजा में मतदान 07 मई 2024 को होना है। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विलास भोस्कर ने छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शाक्तियों का प्रयोग करते हुए

मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि अर्थात 05 मई 2024 को सायं 05:00 बजे से 07 मई 2024 को सम्पूर्ण दिवस तक शुष्क अवधि घोषित किया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त देशी मदिरा दुकान`(सी.एस.2 घघ),विदेशी मदिरा दुकानें (एफ.एल.-1घघ),62वीं बटालियन एफ.एल.-8 तथा देशी मदिरा भण्डारण भण्डागार पूर्णतः बंद रहेगा। इस अवधि में मदिरा विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा।



## खाना बनाने के दौरान झोपड़ी में लगी आग,बाल-बाल बचा ग्रामीण परिवार,मौके पर पहुंची 112 की टीम

**- संवाददाता -**
**लखनपुर,04 मई 2024 (घटती-घटना)।** लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जुडवानी में खाना बनाने के दौरान झोपड़ी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की चपेट में आने से झोपड़ी सहित अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया वहीं ग्रामीण परिवार बाल बाल बचा सुचना पर 112की टीम मौके पर पहुंची मिली जानकारी के मुताबिक दहन साय पिता कदरू हरिजन उम्र 57 वर्ष जुड़वानी निवासी मकान बना रहा है निर्माणधीन मकान के पास दहन साय झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ निवास कर रहा था।4 मई दिन शनिवार की शाम 6 बजे खाना बनाने के दौरान झोपड़ी में अचानक आग लग गई देखते ही देखते झोपड़ी तथा झोपड़ी के अंदर रखें बर्तन अनाज कपड़ा सहित अन्य समान जलकर खाक हो गया। किसी तरह ग्रामीण परिवार जान बचाकर झोपड़ी के अंदर से बाहर निकाले और एक बड़ा हादसा टला। सूचना उपरांत डायल 112 के आरक्षक हरिराम आगरिया चालक हर्ष मानिकपुरी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान की। घटना के बाद से ग्रामीण परिवार सदमे में है।

## केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत:लखमा



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 मई 2024 (घटती-घटना)।** केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और समाज के सभी वंचित वर्ग के पक्ष में कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की जाएगी। वाड्रफनगर के रामपुर में सरगुजा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह के समर्थन में आमसभा को संबोधित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री कवासी लखमा ने आमजन के साथ यह बात साझा की। कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में सरगुजा लोकसभा के दौरे पर आज ही कवासी लखमा हेलीकॉप्टर से दरिमा आये। दरिमा से वे अपने साथ पूर्व पीसीसी अध्यक्ष और केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम और जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव के साथ वाड्रफनगर के रामपुर में आम सभा को संबोधित करने के लिए गये। इस सभा में मोहन मरकाम ने चुनौती देते हुए भाजपा से पूछा कि 20 वर्षों से सरगुजा लोकसभा से भाजपा ने चेहरे बदल बदल कर चार प्रत्याशी दिए लेकिन उनकी एक उपलब्धि कोई हो तो बताएं। आमसभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंहदेव भाजपा सांसदों की तरह नहीं है कि चुनने के बाद वो सार्वजनिक मंचों से गायब हो जाएगी। भारत जोड़ों यात्रा में राहुल जी के साथ 4000 किलोमीटर चलने वाली शशि सिंह सरगुजा के जनसरोकारों से जुड़ी रहेगी। रामपुर के उपरांत इन सभी के द्वारा बिहारपुर और प्रेमनगर में भी आमसभा को संबोधित किया गया, जिस दौरान भारी संख्या में भीड़ मौजूद थी।

CMYK

# भाजपा लोकसभा प्रत्याशी के मंच पर दिखा परिवारवाद

## आम कार्यकर्ताओं को किनारे कर परिवार के सदस्यों को आगे किया विधायक और जिलाध्यक्ष ने...

**क्या लोकसभा प्रत्याशी बनने तक थी भाजपा से आस्था...प्रत्याशी न बनने के बाद से दिख रहे थे नदारत...चुनाव के तीन दिन पहले प्रत्याशी के साथ आई फोटो?**

**क्या लोकसभा के टिकट के दावेदार डॉक्टर राकेश शर्मा जिस तरह अपने लिए लोगों का वोट मांगते क्या मौजूद भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगेंगे?**

**डॉ. शर्मा अपने आप को समाज से भी बताते हैं और जन आधार वाला नेता मानते हैं पर क्या उनका जन आधार भाजपा प्रत्याशी के लिए जीत वरदान साबित होगा?**





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,04 मई 2024
(घटती-घटना)।
कोरबा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय का रोड शो गुरुवार को बैकुंठपुर शहर में आयोजित हुआ जो प्रेमाबाग शिव मंदिर से आरंभ हुआ और शहर भ्रमण उपरांत आम सभा के साथ समाप्त हुआ। इस अवसर पर कोरिया जिला भाजपा में भी परिवारवाद की झलकियां देखने को मिली जो भाजपा कार्यकर्ताओं के अंदर ही चर्चा का विषय बना और भाजपा कार्यकर्ता इसको लेकर आपस में बात करते नजर आए।

बता दें की गुरुवार को बैकुंठपुर शहर का साप्ताहिक बाजार दिवस है और चुनाव के मद्देनजर यह गुरुवार अंतिम गुरुवार था और जिसको लेकर भाजपा ने अलग ही तैयारी की थी जिसमे प्रत्याशी के साथ रोड शो और उसके उपरांत आम सभा का आयोजन किया गया था जिसमे बैकुंठपुर विधानसभा के कई क्षेत्रों से भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होने पहुंचे थे वहीं सोनहत क्षेत्र से भी कार्यकर्ताओं की टोली पहुंची थी। सभी बैकुंठपुर के प्रेमाबाग मंदिर परिसर में इकठ्ठा हुए थे और जब लोकसभा प्रत्याशी का आगमन हुआ तब शिव मंदिर में जलाभिषेक कर प्रत्याशी के साथ रोड शो का आयोजन आरंभ किया गया जो शहर भ्रमण पश्चात कुमार साहब चौक में आमसभा उपरांत समाप्त किया गया। इस दौरान रोड शो की तैयारी से लेकर आम सभा संपन्न होने तक कई जगह परिवारवाद की छाप कोरिया भाजपा ने छोड़ी जिसमे कोरिया जिला भाजपा अध्यक्ष के परिवारवाद का उदाहरण सबसे ज्यादा चर्चा में रहा जबकि स्थानीय विधायक का भी परिवारवाद सामने आया लेकिन चूंकि उनकी पुत्रवधू निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं इसलिए उनका मामला भले परिवारवाद की श्रेणी से हटा दिया जाए गुरुवार के कार्यक्रम से लेकिन भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया का परिवारवाद खुलेआम नजर भी आया और जिसका औचित्य भी लोगों के समझ में नहीं आया क्योंकि जिलाध्यक्ष के पुत्र को मंच पर पिता के साथ साथ ही देखा जाता रहा और वह भी प्रमुख भूमिका में वहीं कई कर्मठ कार्यकर्ता पदाधिकारी मंच पर जगह भी नहीं पा सके प्रत्याशी से मुलाकात भी नहीं कर सके जबकि उन्होंने भाजपा के लिए जीवन खपा दिया है। वैसे भाजपा जिलाध्यक्ष की मनमानी पार्टी में कोई नई बात नहीं है लेकिन गुरुवार को मंच पर और प्रत्याशी के रोड शो कार्यक्रम में जो कुछ हुआ जो कुछ नजर आया उससे यह साबित हो गया की भाजपा कोरिया जिले में परिवारवाद को ही लेकर चलने वाली है और वह या उसका परिवारवाद को लेकर दिया जाने वाला बयान कोरिया जिले में कोई औचित्य नहीं रखता है।

### कोरिया भाजपा अध्यक्ष के पुत्र किसी जिम्मेदार पद पर नहीं हैं वहीं उनकी हर ऐस जगह उपस्थिति सवाल के घेरे में

भाजपा में कोरिया जिला भाजपा अध्यक्ष के पुत्र किसी जिम्मेदार पद पर नहीं हैं वहीं उनकी हर ऐस जगह उपस्थिति रहती है जहां पार्टी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम होता है या फिर कोई बड़ा नेता या प्रमुख नेता आया हुआ होता है। भाजपा के कोरिया जिले का कर्मठ कार्यकर्ता पदाधिकारी भले ही पीछे रह जाए उसे भले ही तवज्जो न मिले भाजपा जिलाध्यक्ष के पुत्र को हर जगह एंट्री मिलती है और जिसकी वजह से अब भाजपा में ही अंदरखाने विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। भाजपाई ही अब जिले में कहने लगे हैं की परिवारवाद की बुराई करने वाली पार्टी में जिले में परिवारवाद ही परिवारवाद नजर आ रहा है। योग्यता मेहनत की जगह नेता पुत्र पुत्रवधु होना ही भाजपाई होना है अन्य की महत्ता बाद में आती है। खैर प्रत्याशी का रोड शो संपन्न हुआ और यह सवाल छोड़ गया की क्या भाजपा में जिले में परिवारवाद की झलक देखने को मिलती रहेगी या कुछ आगे बदलने वाला है।वैसे पूर्व के भाजपा जिलाध्यक्षों की बात की जाए तो किसी ने ऐसा परिवारवाद का उदाहरण नहीं छोड़ा जैसा वर्तमान छोड़ रहे हैं जिससे पार्टी में ही कार्यकर्ताओं के मन में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है असंतोष उत्पन्न हो रहा है।

### लोकसभा में टिकट की दावेदारी कर रहे डॉक्टर राकेश शर्मा अंतिम समय में नजर आए प्रत्याशी के साथ, लगातार थे नदारद पार्टी कार्यक्रमों से...

गुरुवार को एक और घटनाक्रम देखने को मिला और जिसे बड़ी घटना कहा जा सकता है और वह है कोरबा लोकसभा से विगत दो से तीन सालों से टिकट की मांग भाजपा से कर रहे शहर के डॉक्टर राकेश शर्मा भाजपा प्रत्याशी के साथ नजर आए। बता दें की जबसे कोरबा लोकसभा से डॉक्टर सरोज पाण्डेय को भाजपा ने प्रत्याशी घोषित किया है तभी से डॉक्टर राकेश शर्मा पार्टी कार्यक्रमों से दूरी बनाते नजर आ रहे थे। वह प्रचार प्रसार से साथ ही पार्टी की बैठकों से भी दूरी बनाकर चल रहे थे और माना जा रहा था की वह नाराज हैं टिकट न मिलने से प्रत्याशी न बनाए जाने से। उनके पार्टी कार्यक्रमों से नदारद रहने को लेकर यह भी चर्चा हो रही थी की क्या वह केवल टिकट की चाह तक की पार्टी के लिए वफादार थे टिकट नहीं मिलने की स्थिति में वह पार्टी से किनारा कर लिए हैं। लेकिन गुरुवार को प्रचार के दौर के अंतिम समय में डॉक्टर राकेश शर्मा ने पार्टी प्रत्याशी के साथ तस्वीर साझा की और उन्हे अपने घर बुलाकर स्वागत किया और यह जताने की उन्होंने कोशिश की की वह प्रत्याशी के साथ हैं पार्टी के साथ हैं वैसे अभी तक डॉक्टर राकेश शर्मा प्रत्याशी के लिए वोट मांगने निकले नहीं हैं और चुनाव या मतदान को भी अब कुछ ही दिन गिने चुने बचे हैं ऐसे में वह क्या प्रत्याशी के लिए लोगों से मतदान की अपील करने निकलेंगे या फिर वह केवल प्रत्याशी के साथ तस्वीर साझा कर अपना कोरम पूरा कर चुके और उनका काम खत्म हो गया। वैसे डॉक्टर शर्मा खुद चुनाव लड़ते तो कितना मेहनत करते कैसे लोगों से समर्थन मांगते यह इस चुनाव में उन्हे साबित करना था जिससे भविष्य में उनको लेकर पार्टी या मतदाता कोई विचार बना पाते। खैर देर आए दुरुस्त आए अब डॉक्टर राकेश शर्मा की सक्रियता साबित करेगी की वह पार्टी के लिए कितना मेहनत करते हैं प्रत्याशी के लिए कितना वह जी जान से भिड़ते हैं और चुनाव वह जितवाने में मदद करते हैं।

### क्या लोकसभा के टिकट के दावेदार डॉक्टर राकेश शर्मा जिस तरह अपने लिए लोगों का वोट मांगते क्या मौजूद भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगेंगे?

कोरबा लोकसभा से दावेदारी करने वाले डॉक्टर राकेश शर्मा मौका न मिलने पर पूरी तरीके से गायब हो गए थे किसी भी कार्यक्रम में शिरकत करते नहीं दिख रहे थे अचानक वोटिंग से कुछ दिन पहले उनकी तस्वीर अचानक भाजपा के पक्ष में प्रत्याशी के लिए देखने को मिली जैसे ही यह फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई चर्चा का विषय बन गया कि आखिर इतने दिनों तक भाजपा के प्रत्याशी के लिए काम करते क्यों नहीं दिख रहे थे डॉ राकेश शर्मा जो खुद अपने लिए टिकट मांग रहे थे पर टिकट उन्हें मिली नहीं उनके जगह सरोज पांडे को कोरबा लोकसभा का प्रत्याशी भाजपा ने तय कर दिया है जिसके बाद से वह एकदम से ही गायब हो गए थे हर कार्यक्रम व संगठन के कार्यक्रम से उनकी दूरी हो गई थी ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा था कि क्या टिकट पाने तक ही उनकी आस्था बीजेपी से थी जैसे ही उन्हें टिकट नहीं मिला उनकी आस्था बीजेपी से खत्म हो गई? तमाम सवाल के बीच में अचानक डॉक्टर शर्मा के द्वारा भाजपा प्रत्याशी के लिए अपने अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया अब यह कार्यक्रम कैसे तय किया गया यह तो अंदर खाने की बात है पर सवाल यही है कि क्या डॉक्टर शर्मा जो अपने आप को काफी जनाधार वाला नेता मानते थे और यह दावा कर रहे थे कि भाजपा यदि उन्हें प्रत्याशी चुनौती है तो भारी मतों से वह जीत दर्ज करेंगे पर क्या वही जीत बीजेपी के प्रत्याशियों को दिला पाएंगे क्योंकि उनका जनाधार इतना है?

# मतदान के लिए घर-घर पहुँचा रहे आमंत्रण पत्र

## घर-घर पहुंचकर महिला,बुजुर्ग,युवा को वोट का महत्व समझाया गया...



-संवाददाता-
सूरजपुर,04 मई 2024
(घटती-घटना)।
जिले में शत प्रतिशत चुनाव कराने को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशन में प्रशासन अनेक प्रकार के स्वीप कार्यक्रम कर रही है। इसी तारतम्य में माध्यमिक शाला पतरापाली के शिक्षकों द्वारा गांव में शत प्रतिशत मतदान के लिए ग्राम पतरापाली में निमंत्रण कार्ड छपवाकर बच्चों के पालकों,अभिभावकों एवं ग्रामीणों के घर घर जाकर 7 मई को मतदान करने के लिये आमंत्रित कर रहे हैं। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक योगेश साहू ने बताया कि लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। वोट डालना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है, वोट को एक जिम्मेदारी समझ कर मतदान करें तथा अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदान से मजबूत लोकतंत्र का निर्माण होगा। यदि कोई उम्मीदवार पसंद नहीं आए तो नोटा का बटन दबाएं। मतदान जाति, धर्म,सांप्रदायिकता, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर करें। सबको अपने वोट की कीमत को पहचानना चाहिए। शराब, धन आदि के लालच या अफवाह में आकर वोट बिल्कुल न करें। अगर आपको कोई लालच या दबाव दे रहा है तो उसकी शिकायत निर्वाचन अधिकारी को दी जा सकती है। हर मतदाता लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए 7 मई के दिन मतदान जरूर करें। छत्तीसगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आमंत्रण पत्र अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से लगभग 825 परिवारों को आमंत्रण पत्र भेज कर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मतदान कराने के लिए इस आमंत्रण पत्र के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। आमंत्रण पत्र वितरण में योगेश साहू, अनिता सिंह, जे.डी. सिंह, उर्मिला सिंह, रघुनाथ जायसवाल, सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डाक मतपत्र द्वारा कुछ 345 लोगों द्वारा किया गया मताधिकार का प्रयोग



-संवाददाता-
सूरजपुर,04 मई 2024
(घटती-घटना)।
निर्वाचन कार्य में तैनात विभिन्न दल के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य जिले में पदस्थ एवं सुरक्षाकर्मी के रूप में कार्यरत व्यक्तियों ने कलेक्टोरेट स्थित सुविधा केन्द्र में आज तीसरे दिन अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर से 46, भटगांव से 45 एवं प्रतापपुर से 21 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार आज कुल 112 मतदाताओं ने डाक मतपत्र द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। 02, 03 व 04 मई की स्थिति में डाक मतपत्र द्वारा कुल 345 लोगों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया है।

# 56 संगवारी मतदान केन्द्रों में महिलाएं संपन्न कराएंगी मतदान



-संवाददाता-
बलरामपुर,04 मई 2024
(घटती-घटना)।
लोकसभा निर्वाचन के सुचारू रूप से संचालन के लिए जिले में कुल 683 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें से 56 मतदान केन्द्रों को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। इन मतदान केन्द्रों में महिला अधिकार एवं कर्मचारी मतदान कराएंगी। मतदान दलों के रूप में काम करने में महिलाओं को खुशी है कि उन्हें लोकतंत्र के इस पर्व में मतदान कराने की जिम्मेदारी मिली है। लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में मतदान 7 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक सम्पन्न होना है, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। जिले अन्तर्गत संगवारी मतदान केन्द्रों में लगभग 284 महिला कर्मचारी होंगी। इन 56 मतदान केन्द्रों में लोकसभा निर्वाचन की जिम्मेदारी महिलाओं के हाथों में सौंपी गई हैं। जिले में पहले भी संगवारी मतदान केन्द्रों में महिलाओं की ड्युटि लगायी जा चुकी है, लेकिन इस बार संगवारी मतदान केन्द्रों के रूप में बड़ी संख्या में 56 बूथों को शामिल किया गया है। जहां महिलाएं निर्वाचन कार्य में सेवाएं देंगी। महिला मतदान दलों का कहना है कि निर्वाचन में भागीदारी हमारे लिए गौरव की बात है। हम सभी ने प्रशिक्षण भी हासिल कर लिया है और निर्वाचन कार्य में हमें शामिल करना महिला सशक्तिकरण को दर्शाता है।

### सभी मतदान केन्द्रों में अवश्यक चिकित्सा व्यवस्था कर ली गई है पूर्ण

# लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर





-संवाददाता-
बलरामपुर,04 मई 2024
(घटती-घटना)।
जिले में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत 07 मई 2024 को मतदान होना है। इस लोकसभा चुनाव में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के निर्देश पर पड़ रही गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा खास तैयारी की गई है, वही आकस्मिक स्थति से निपटने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों व एम्बुलेंस को एलर्ट मोड में रखा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया की स्वास्थ्य विभाग द्वारा मतदान को लेकर सभी तैयारी कर ली गयी है। हर बूथ और क्लस्टर लेवल पर गर्मी को देखते हुए पर्याप्त ओ.आर. एस. की व्यवस्था की गयी है, वहीं सभी पोलिंग पार्टी हेतु मेडिकल किट भी दिया गया है साथ ही सभी मतदान केन्द्रों में ओ. आर.एस. कार्नर भी बनाये गए है जहा मितानिन की ड्यूटी लगायी गयी है । इसके अलावा सभी मतदान केन्द्रों में किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने निकट के स्वास्थ्य केन्द्रो के स्टाफ को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश भी दिए गए है। साथ ही मतदान केन्द्रों व ओ.आर.एस. कार्नर में चिकित्सा व्यवस्था देखने के निर्देश भी दिए गए है। जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को व एम्बुलेंस को एलर्ट मोड में रखा गया है। उन्होंने बताया की मतदान हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्ययोजना बनायी गयी है व सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारीयों को कार्ययोजना के अनुसार अपने विकासखण्ड में कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्यवाही की चेतावनी भी दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने आम नागरिकों से अपील की गई है की चुनाव के इस महापर्व में 07 मई को अपने मतदान केन्द्रों में जाकर अवश्य मतदान करें।








# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा के लिए सूरजपुर हाई स्कूल मैदान तैयार

*बैकुण्ठपुर,04 मई 2024 (घटती-घटना)। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी की सभा के लिए सूरजपुर हाई स्कूल अग्रसेन मैदान पूरी तरह तैयार है। विदित हो कि कल 05 मई को जेपी नड्डा जी सूरजपुर में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के समर्थन में जन सभा को संबोधित करने आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के इस चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले दिनों अंबिकापुर आगमन के बाद सरगुजा संसदीय क्षेत्र में ये दूसरी सबसे बड़ी जन सभा है। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के लगातार दौरे से भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में ज़बर्दस्त उत्साह है।*

## एसईसीएल के सीवीओ जयंत कुमार खमारी कुसमुण्डा पहुंच कोल स्टाक,बूम बेरियर, वे-ब्रिज का किया निरीक्षण,दिया निर्देश



-संवाददाता-
कोरबा,04 मई 2024 (घटती-घटना)।
एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में सतर्कता विभाग की टीम द्वारा खदानों का निरीक्षण किया गया। कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार समस्त कोल कम्पनियों में सतर्कता जागरूकता के अंतर्गत इस नए अभियान की शुरूआत की गयी है। इस कड़ी में एसईसीएल के सीवीओ जयंत कुमार खमारी स्वयं कोरबा कोलफील्ड्स के कुसमुण्डा खदान पहुँचे जहाँ उन्होंने कोल स्टाक, बूम बेरियर, वे-ब्रिज आदि का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश जारी किए। इस के उपरांत वे कोल फेस पहुचे एवं प्रत्येक स्थान पर संग्रहित कोल स्टाक का किया निरक्षण । सीवीओ एसईसीएल ने सीएचपी व साइलो का भी अवलोकन किया । सतर्कता टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पहुँचकर औचक कोल स्टाक मेजरमेंट, सीसीटीवी, वे-ब्रिज जैसे आईटी टूल्स के प्रयोग व दक्षता का निरीक्षण किया जा गया। टीम में अन्य सम्बद्ध विभागों के विशेषज्ञ अधिकारी भी शामिल है। आने वाले दिनों में टीम द्वारा अन्य क्षेत्रों व खदानों में भी निरीक्षण की प्रक्रिया जारी रखी जाएगी। विदित हो कि सतर्कता विभाग द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण, जाँच आदि के प्रयास किए जाते रहे हैं, वहीं प्रिवेन्टीव विजिलेंस के अंतर्गत वर्ष भर जागरूकता के प्रयास किए जाते हैं।

## अर्द्ध सैनिक और जिला पुलिस बल के साथ प्रशासन ने शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु किया पैदल फ्लैग मार्च





-संवाददाता-
कोरबा,04 मई 2024 (घटती-घटना)।
जिला कोरबा में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर अजीत बसंत,पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण मतदान कराये जाने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च सीएसईबी ग्राउंड से प्रारंभ किया गया और थाना कोतवाली में समाप्त हुआ। जिसमें जिला के राजपत्रित अधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी, चुनाव डियूटी हेतु दिगर राज्य / इकाई से आये अर्द्ध सैनिक बल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, यातायात बल, नगर सैनिक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल आर्म्स- एम्युनेशन व साजो-सामान, थाना व यातायात के पेट्रोलिंग वाहनों के साथ शहर के मुख्य मार्ग एवं चौक-चौराहो पर पैदल फ्लैग मार्च किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कह कि फ्लैग मार्च निकालने का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव में आमजन निर्भिक होकर अपने-अपने घरो से निकल कर मतदान केन्द्रो में जाकर अपने मतो का उपयोग करे और इस दौरान किसी भी प्रकार की कोई रोक-टोक असमाजिक तत्वो द्वारा न हो ये विश्वास जनता को दिला सके । इस दौरान फ्लैग मार्च के ज़रिए बल की उपलब्धता होने का प्रदर्शन किया गया, ताकि मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हो सके एवं जनता सुरक्षित महसूस करे।

ज्ञात हो कि लोकसभा निर्वाचन हेतु ज़िला कोरबा में लगभग 4000 बल तैनात किया जाएगा। चुनाव के दौरान पुलिस के द्वारा कुल 118 पेट्रोलिंग पार्टी निकाली जायेगी। इसके अलावा सभी संवेदनशील मतदान केंद्रों में सशस्त्र बल तैनात किए जायेंगे। फ्लैग मार्च में यू.बी.एस. चौहान, अति पुलिस अधीक्षक (कोरबा) कोरबा, श्रीमती नेहा वर्मा अति. पुलिस अधीक्षक (कटघोरा) कोरबा, रविंद्र मीना नगर पुलिस अधीक्षक दर्री, उप पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय श्रीमती प्रतिभा मरकाम,उप पुलिस अधीक्षक अजाक बेनेडिक्ट मिंज, रक्षित निरीक्षक अनंत राम पैकरा कोरबा सहित थाना/चौकी प्रभारीगण/अपने थाना के अधि/कर्म. व अर्धसैनिक बल के राजपत्रित अधिकारी / कर्मचारीगण अत्यधिक संख्या में इस फ्लैग मार्च में शामिल थे ।

## संभागायुक्त ने किया घुघरी बेरियर का निरीक्षण

### सुविधाओं के बारे में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश, ड्यूटी में अनुपस्थित वनरक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने का दिया निर्देश





-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़ 04 मई 2024 (घटती-घटना)।
संभागायुक्त जी.आर. चुरेन्द्र का भ्रमण लोकसभा निर्वाचन 2024 क्षेत्र क्रमांक 04 कोरबा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के विकासखण्ड भरतपुर के अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट घुघरी (हरचौका) में हुआ। जिसमें बेरियर पर संजीव कुमार वनरक्षक ड्यूटी में अनुपस्थित पाये गये। जिसे कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये साथ ही ब्लाक मुख्यालय जनकपुर के एक ही कैम्पस में स्थित दो मतदान केन्द्र 33 कन्या प्रा.शा.जनकपुर (दिव्यांग मतदान केन्द्र),35 बालक प्रा.शा.जनकपुर का निरीक्षण किया और थाना प्रभारी जनकपुर, कोटाडोल को सभी अन्तर्राज्यीय बेरियर-नाकों में चाक-चौबंद व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये। इसके पश्चात् ग्राम पंचायत घुघरी के पन्डों बाहुल्य पोड़ीडोल पारा में भ्रमण कर पन्डों जनजाति के समुदाय के साथ बैठक कर उनके समस्याओं को सुना एवं मौके पर उपस्थित ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को पोड़ीडोल पारा में पहुँच मार्ग हेतु सड़क एवं पुलिया व अन्य समस्याओं को त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किये।

निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों में आने वाले दिव्यांगों और वरिष्ठ जनों को संभागायुक्त ने प्राथमिकता देने की बात भी कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ जनों और दिव्यांगों के लिए मतदान केंद्र स्थल पर व्हीलचेयर होना सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्हें लंबी कतारों का सामना ना करना पड़े इसके लिए उन्हें चिन्हित कर उन्हें प्राथमिकता दें। उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए पानी की व्यवस्था के लिए इस बार सिंटेक्स टंकी अथवा घड़ों में पानी और पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया, ताकि एकत्रित होने वाली भीड़ को पेयजल और छाया की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में कराई जा सके। संभागायुक्त ने पिछली घटनाओं और वर्तमान आशंकाओं को देखते हुए समुदाय के भीतर संपर्क पहचान करने कहा। जिससे ऐसी घटनाओं से संबंधित जानकारी को तुरंत पहचान कर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने मतदान केन्द्रों में रैम्प, फर्नीचर, बिजली, पेयजल, शौचालय के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.पं. भरतपुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भरतपुर, अनुविभागीय अधिकारी,जल संसाधन विभाग, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा),तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।


### अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं, 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)
अभ्यर्थी का नाम और पता :- **अरविन्द कच्छप, ठाकुरपुर, पोस्ट एवं तह0 अम्बिकापुर,सरगुजा,छ0ग0**
राजनैतिक दल का नामः **निर्दलीय**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नामः **लोकसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नामः **01 सरगुजा**
मै **अरविन्द कच्छप** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं।

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों ) का संक्षिप्त विवरण |
| | न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बिकापुर | 242/17 | लंबित | 295 क, 297 भा0द0वी0 |
| | | | | |
| | | | | |

| (ख) | अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| | | | |
| | | | |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


## एनटीपीसी कोरबा ने महिला संविदा कर्मियों के लिए स्तन कैंसर शिविर का किया आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा 04 मई 2024 (घटती-घटना)।
स्तन कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है और कैंसर से होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण है। हालांकि, अगर शुरुआती चरण में इसका पता लगे और इसका इलाज हो जाए तो यह भी ठीक हो जाता है। हालांकि शहरी आबादी में इसके होने की दर ज़्यादा है, लेकिन शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण ग्रामीण महिलाओं को इसका सबसे ज़्यादा खामियाज़ा भुगतना पड़ता है। अल्ट्रासोनोग्राफी शुरुआती पहचान के लिए एक बेहतरीन उपकरण है क्योंकि यह सस्ती, आसानी से उपलब्ध है और स्तन में छोटे घावों के प्रति संवेदनशील है और यह अच्छी सुविधा एनटीपीसी कोरबा अस्पताल में उपलब्ध है। मैत्री महिला समिति, जैसा कि सभी जानते हैं, एनटीपीसी कोरबा के आस-पास के गांवों में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने और शिक्षित करने की दिशा में समय-समय पर प्रयास करती रही है। इस बार एमएमएस (मैत्री महिला समिति) और एनटीपीसी अस्पताल, कोरबा ने हमारे समाज की वंचित बहनों की सेवा में एक कदम आगे बढ़ाने के लिए हाथ मिलाया है। शिविर के पहले दिन 52 मरीजों का पंजीकरण कर उनकी चिकित्सकीय जांच की गई। 37 की यूएसजी स्कैनिंग भी की गई। एमएमएस और एनटीपीसी अस्पताल की यह पहल समाज की वंचित महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति विश्वास बढ़ाने और उन्हें आश्वस्त करने में सहायक है।


**न्यायालय तहसीलदार- अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202404020700034**

विषय :-अ-6 मामलों की श्रेणी :- राजस्व सन् :-2023-2024
लक्ष्मीपुर प.ह.नं.00023 (258/2 (0.132 हे0)
पक्षकार का विवरण -
आवेदक पक्षकार -संदीप प्रसाद साहू
अनावेदक पक्षकार -नन्दलाल.

**ईश्तहार**

आवेदक संदीप प्रसाद साहु आ0 मनोज साहू निवासी ग्राम-वार्ड नंबर 44 कबीर वार्ड दर्रीपारा अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला -सरगुजा छ0ग0के द्वारा ग्राम-लक्ष्मीपुर स्थित खसरा नंबर 258/2 में से रकबा 0.008हे0 भूमि को पंजीबद्ध दान पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/05/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा - आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/04/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार-अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202404020700035**

विषय :-अ-6 मामलों की श्रेणी :- राजस्व सन् :-2023-2024
लक्ष्मीपुर प.ह.नं. 00023 258/2 (0.008 हे0)
पक्षकार का विवरण -
आवेदक पक्षकार -मनोज साहू
अनावेदक पक्षकार -नन्दलाल.

**ईश्तहार**

आवेदक मनोज साहु आ0 नंदलाल साहू निवासी ग्राम-वार्ड नंबर 44 कबीर वार्ड दर्रीपारा अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला -सरगुजा छ0ग0के द्वारा ग्राम-लक्ष्मीपुर स्थित खसरा नंबर 258/2 में से रकबा 0.008 हे0 भूमि को पंजीबद्ध दान पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/05/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा - आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/04/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो0 अजही पिता मो0 शोएब जाति मुसलमान निवासी मोमिनपुरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 145/30 रकबा 0.008 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आउट, सेटलमेन्ट,रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/05/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 03/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0)अम्बिकापुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवदक आयनामति मण्डल पत्नी पुलिन मण्डल जाति-समान्य निवासी सुभाषनगर तहसील अंबिकापुर जिला -सरगुजा (,छ0ग0)के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम-सुभाषनगर तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा(छ0ग0) खसरा नं.267/10 रकबा 0.20 आरे में से 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु में व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1खसरा नक्शा भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र रजिस्टी की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 18/05/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 02/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)अंबिकापुर,



**न्यायालय नजुल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202404021200./अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु राम आ.स्व. उमाशंकर निवासी -चोपडापाराअंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं कि आवेदक एवं उसकी मां गुजराती देवी पत्नी स्व. उमाशंकर राम के संयुक्त स्वामित्व एवं हक की शीट नं0-01 मोहल्ला -चोपडापारा नगर-अंबिकापुर स्थित नजुल भू-खंड क्रमांक 9/80 रकबा 0.06 एकड भूमि हैं सह -खाताधारक गुजराती देवी पत्नी स्व.उमाशंकर राम की मृत्यू दिनांक 08/04/2023को हो चुकी हैंअतः भूधारक की मृत्यू हो जाने के कारण आवेदक द्वारा उक्त भूमि के अभिलेख से मृतक खातेदार कानाम विलोपित करने बावत् आवेदक पत्र अन्तर्गत धरा 109,110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया हैं।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा-आपत्ति हो, तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20/05/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक 29/04/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अंबिकापुर,



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-/अ-2/2023-24

ग्राम- गोविन्दपुर तहसील-रामानुजनगर

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत गोविन्दपुर को सूचित किया जाता है। आवेदक श्री जयप्रकाश आ0 लक्ष्मी गुप्ता जाति सोड़ी निवासी ग्राम गोविन्दपुर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम- गोविन्दपुर प0ह0नं0-02 रा0नि0 तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर,छ0ग0 स्थित भूमि खसरा क्रमांक 51/1 रकबा 0.09 में से0 0.04 हे0 को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र के साथ बी-1,खसरा, रजिस्ट्री की छायाप्रति, नक्शा, शपथ-पत्र, सरगुजा स्टेट सेटलमेंट व ग्राम पंचायत गोविन्पुर की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।
अतएवं उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 22/05/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 22/04/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजनगर,सूरजपुर


CMYK

# पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच टकराव आज

**» पंजाब के खिलाफ लगातार दूसरे मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी चेन्नई सुपर किंग्स**



**धर्मशाला,04 मई 2024।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को धर्मशाला स्टेडियम में लगातार दूसरी बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी जिससे टीम मुश्किल में है।

सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है और पांच बार की चैम्पियन उम्मीद करेगी कि स्थान बदलने से उसका भाग्य भी बदल जायेगा क्योंकि नॉकआउट चरण में अपना स्थान पक्का करने क लिए महज चार मैच बचे हैं। सीएसके हरप्रीत बरार और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ मध्य के ओवरों में तेजी नहीं दिखा सकी जिससे उसने सात विकेट पर 162 रन का स्कोर बनाया था। उनकी बल्लेबाजी भी कप्तान रूतुराज गायकवड़ और शिवम दुबे पर निर्भर होती जा रही है तथा जैसे ही इनमें से एक विफल होता है, वैसे ही टीम के अनिरंतर बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है।गायकवाड़ ने सत्र का पांचवां 50 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया जबकि अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे जबकि रविंद्र जडेजा और समीर रिज्वी स्पिन के खिलाफ जूझते नजर आये। सीएसके अपने तेज गेंदबाजों के स्वास्थ्य और फिटनेस चिंताओं से भी परेशान है जिसमें दीपक चाहर भी शामिल हैं जो महज दो गेंद फेंकने के बाद अपनी 'हैमस्ट्रिंग' को पकड़कर लगड़ाते दिखे जिससे उनके पंजाब किंग्स के खिलाफ इस दूसरे मुकाबले में खेलने की संभावना नहीं है। मुख्य गेंदबाज मथिशा पाथिराना (हल्की चोट) और तुषार देशपांडे (फ्लू) की अनुपस्थिति से टीम को नुकसान हुआ। और फिर ओस ने स्पिनरों की अहमियत कम कर दी जिससे पंजाब किंग्स ने आसानी से जीत हासिल की। रिचर्ड ग्लीसन ने पिछले मैच में आईपीएल पदार्पण किया था और सीएसके मुकेश चौधरी को वापस बुला सकती है। वहीं पंजाब किंग्स की बात करे जो तो उसने लगातार जीत हासिल कर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को उड़ान दी है। सीएसके पर जीत के साथ पंजाब किंग्स गत चैम्पियन सीएसके पर लगातार पांच जीत दर्ज करने वाली मुंबई इंडियंस के बाद दूसरी टीम बनी और अब वह इसका फायदा उठाना चाहेगी। पंजाब किंग्स हालांकि अप्रत्याशित टीम है जिसने अहमदाबाद में गुजरात पर, चेपक में चेन्नई पर जीत हासिल की तथा केकेआर के खिलाफ टी20 रिकॉर्ड स्कोर का पीछा किया। हालांकि घरेलू सरजमीं पर राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ जूझती नजर आयी। लगातार जीत के बाद पंजाब किंग्स आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गयी और अपनी उम्मीदों को बचाये रखने के लिये लय जारी रखनी होगी।केकेआर के खिलाफ शतक जड़ने वाले जॉनी बेयरस्टो टीम के लिए अहम होंगे जबकि रिली रोसोऊ, शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टीम के गेंदबाजी विभाग में अनुभवी नाम जैसे कागिसो रबाडा, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह और सैम करन शामिल हैं जिन्हें निरंतर गेंदबाजी करनी होगी। रबाडा पिछले मैच में अच्छे रहे लेकिन बाकियों ने रन लुटाये। अगर टीम को पिछले मैच जैसा प्रदर्शन करना है तो उनके स्पिनरों बरार और राहुल चाहर को फिर से बेहतर गेंदबाजी करनी होगी।

### टीम इस प्रकार हैं...

**चेन्नई सुपर किंग्स:-** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी।

**पंजाब किंग्स:-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

## 7 भारतीयों ने फाइनल में प्रवेश किया



**अस्ताना (कजाकिस्तान),04 मई 2024।** बृजेश टम्टा और आर्यन ने पांच अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में युवा पुरुष वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।

भारत के लिए शुरुआत करते हुए, बृजेश ने 48 किग्रा वर्ग में मंगोलिया के तालाइबेक इसूर को 5-0 के ठोस स्कोर के साथ हराया।इसके बाद, राहुल कुंडू (75 किग्रा) और आर्यन (92 किग्रा) ने समान सर्वसम्मत निर्णयों के साथ चीन के कांजी बेई एर्सी और किर्गिस्तान के अलीबेव टाइनिस्तान को पछाड़ दिया।

दूसरी ओर, सागर जाखड़ (60 किग्रा) ने अंतिम दौर में किर्गिस्तान के सादिरोव दिलेरबेक पर रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) की जीत के लिए मजबूर किया। आर्यन (51 किग्रा), यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) और प्रियांशु (71 किग्रा) ने विभाजित निर्णय के साथ भारत की जीत की लय को आगे बढ़ाया।

इस बीच, सुमित (67 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) ने कजाकिस्तान के सबिरखान तोरेखन और किर्गिस्तान के जाकिरोव मुखमदाजिज के खिलाफ 0-5 से हारने के बाद कांस्य पदक के साथ समापन किया। भारतीय युवा दल ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में महिला वर्ग में 12 सहित 22 पदक हासिल किए हैं।

बाद में शुक्रवार की रात, लक्ष्य राठी (92+ किग्रा) और मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) 10 अन्य भारतीय युवा मुक्केबाजों के साथ फाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे।

गुरुवार रात ध्रुव सिंह (80 किग्रा), गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) ने अंडर-22 वर्ग के अंतिम-चार चरण में अपनी जगह बना ली।

शनिवार को ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रीति (54 किग्रा) और मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा) 17 अन्य मुक्केबाजों के साथ अंडर-22 सेमीफाइनल में भारत की कमान संभालेंगे। मुस्कान (75 किग्रा) और अल्फिया पठान (81 किग्रा) को उनके संबंधित अंडर-22 सेमीफाइनल में बाई मिली है।

यूथ और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः सोमवार और मंगलवार को खेले जाएंगे।

## भारत दौरे पर आएगी दक्षिण अफ्रीका टीम


**बेंगलुरु,04 मई 2024।** भारत जून और जुलाई में एक टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी 20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा। वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा।इसके बाद टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी 20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बेंगलुरु लौटेंगी। इस टी 20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी 20 विश्व कप खेला जायेगा। सफेद गेंद प्रारूप की श्रृंखला मूल रूप से पिछले साल के आखिर में खेली जानी थी और यह आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे, लेकिन पिछले साल अक्टूबर और नवंबर के बीच भारत में आयोजित 50 ओवर के आईसीसी पुरुष विश्व कप के कारण उन्हें आगे बढ़ाना पड़ा। सीमित ओवरों की श्रृंखला में अब एक टेस्ट मैच को भी शामिल कर लिया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) पारंपरिक प्रारूप में महिला क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहन देने चाहता है। गौरतलब है कि भारत ने पिछले साल दिसंबर में मुंबई में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट खेला था।

## मुंबई फिलहाल एक टीम के रूप में नहीं खेल रही हैः इरफान पठान



**नई दिल्ली,04 मई 2024।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स से 24 रन से मिली निराशाजनक हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की तीखी आलोचना की। पठान ने उन महत्वपूर्ण क्षणों पर प्रकाश डाला जहां उनका मानना था कि एमआई लड़खड़ा गया था, विशेष रूप से मैदान पर पांड्या के निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित किया। जब केकेआर 57/5 पर संघर्ष कर रहा था, तब तीन महत्वपूर्ण ओवरों में नमन धीर का उपयोग करने से भौंहें तन गईं, पठान ने सुझाव दिया कि मुंबई को 20 रन महंगे पड़े, जिससे केकेआर को 170 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद मिली। इरफ़ान पठान ने इंस्टाग्राम पर कहा,मुंबई इंडियंस की कहानी आईपीएल 2024 में समाप्त हो गई है। वे कागज पर बहुत अच्छी टीम थे लेकिन उन्हें अच्छी तरह से प्रबंधित नहीं किया गया है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल बिल्कुल जायज हैं. आज जब केकेआर का स्कोर 57/5 था तो आपने नमन धीर के 3 ओवर कराये गए। आपने अपना छठा गेंदबाज डाला, केकेआर को मनीष पांडे और वेंकटेश अय्यर के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी बनाने दी। यह 83 रन की साझेदारी केकेआर को 170 तक ले गई, जबकि उन्हें केवल 150 तक ही पहुंचना चाहिए था और यही अंतर का बिंदु बन गया। पठान की आलोचना यहीं नहीं रुकी। उन्होंने एमआई कैंप के भीतर की गतिशीलता पर प्रकाश डाला, जिससे पता चला कि टीम में एकजुटता और एकता की कमी है, जिससे टीम के भीतर संभावित दरार या गुटों का संकेत मिलता है। उन्होंने कप्तान के अधिकार को खिलाड़ी द्वारा स्वीकार करने के महत्व पर जोर दिया और संकेत दिया कि वर्तमान एमआई सेटअप में इसकी कमी हो सकती है। पठान ने आगे कहा, क्रिकेट एक ऐसा खेल है जहां कप्तानी और प्रबंधन महत्वपूर्ण है और एमआई फिलहाल एक टीम के रूप में नहीं खेल रही है और यह एमआई के लिए सीजन का सबसे बड़ा चर्चा का विषय है। खिलाड़ियों के लिए अपने कप्तान को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है ।

## एनिमेटेड सीरीज बाहुबलीःक्राउन ऑफ ब्लड का ट्रेलर हुआ रिलीज



साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली ने इउंटरनेशनल लेवल पर इतिहास रचा था। इस फिल्म की कहानी को लेकर आज भी दर्शकों में रोमांच कायम है। वहीं पहले भाग की रिलीज के बाद एक इंटरनेशनल सवाल बन गया था कि कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा ? फिल्म के दूसरे भाग को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब ओटीटी पर बाहुबली अलग अवतार में आने वाली है। एसएस राजामौली की ये फिल्म अब एक एनिमेटेड सीरीज में रिलीज होगी।. इसका नाम बाहुबलीः क्राउन ऑफ ब्लड रखा गया है। शो का ट्रेलर लॉन्च किया गया है। इसे मेकर्स फिल्म का प्रीक्वल बता रहे हैं। माहिष्मती साम्राज्य पर आधारित ये सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लैटफॉर्म हॉटस्टार पर आने वाली है। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। नया एनिमेटेड प्रोजेक्ट फिल्म फ्रेंचाइजी का प्रीक्वल है. एक बयान के अनुसार, बाहुबली। क्राउन ऑफ ब्लड, एक ऐसी कहानी है जहां बाहुबली और भल्लालदेव महिष्मति के महान साम्राज्य को बचाने के लिए साथ लड़ते हैं। दोनों भाई अपनी खटास भूलकर रक्तदेव नाम के रहस्यमय सरदार के खिलाफ सिंहासन की रक्षा के लिए हाथ मिलाते हैं।. सीरीज देखकर दर्शक एक्साइटमेंट से भर गए हैं। फिल्म में प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी और तमन्ना भाटिया ने अभिनय किया था. एनिमेटेड सीरीज में भी किरदार हूबहू इनके चेहरे से मिले-जुले बनाए गए हैं. हमें प्रभास और राणा दग्गुबाती की झलक देखने को मिलती है.पावर-पैक एक्शन सीरीज़ 17 मई 2024 से डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है।


## मोनालिसा ने दिखाया कातिलाना अंदाज



भोजपुरी इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना मोनालिसा आए दिन अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।टीवी की सुपरबोल्ड एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण इंटरनेट पर लाइमलाइट में रहती हैं। उनकी हर एक तस्वीरें चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों को देखकर लोग उन पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि मोनालिसा ने रेड कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों पर खंजर चलाती हुई नजरह आ रही हैं। ओपन हेयर, गले में गोल्ड के बड़े से नेकलेस, कानों में झुमकें और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मोनालिसा की इन तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। साथ ही कॉमेंट्स के जरिए रिएक्शंस भी दे रहे हैं। एक यूजर ने मोनालिसा की फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है बेहद खूबसूरत हैं आप, वहीं दूसरे ने लिखा है-सो अमेजिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है-मोना की हर अदाएं कातिल हैं।

# आसिम रियाज को मिली नयी मेहबूबा

**» हिमांशी खुराना से ब्रेकअब के बाद मिस्ट्री गर्ल के साथ शेयर की रोमांटिक तस्वीर**



आसिम रियाज़ बिग बॉस 13 के बाद एक लोकप्रिय चेहरा बन गये। शो में अच्छा खेलने के कारण उन्हें दूसरे नंबर का स्थान मिला था। शो के विजेता सिद्धार्थ शुक्ला थे लेकिन आमिस ने उन्हें काटें की टक्कर दी थी। आसिम को शो के दौरान पंजाम की मशहूर सिंगर और एक्ट्रेस हिमांशी खुराना से प्यार हो गया था। दोनों कई सालों तक साथ रहे लेकिन धार्मिक कारणों के कारण दोनों ने अपने रिलेशनशिप को खत्म कर दिया। अब लगभग साल बीतने वाला है जब हिमांशी के साथ आसिम का रिश्ता खत्म हुआ था। अब एक साल के अंदर आसिम की जिंदगी में कोई और आ चुका है और आसिम ने अपनी मेहबूबा की तस्वीर भी अपने फैंस के साथ शेयर कर दी है।

आसिम रियाज़ को बिग बॉस 13 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए व्यापक रूप से पहचाना जाता है, जहां उन्होंने अपने मजबूत गेमप्ले और हिमांशी खुराना के साथ अपने रिलेशनशिप के लिए दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। बाद में, दोनों अपनी धार्मिक मान्यताओं के कारण अलग हो गए। अपने ब्रेकअप के बाद आसिम वह चली गई नामक एक संगीत वीडियो में दिखाई दिए। अपनी निजी जिंदगी और म्यूजिक वीडियो लॉन्च की सुर्खियों के बीच, आसिम ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर अपनी हालिया तस्वीर से उत्सुकता बढ़ा दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक रहस्यमयी लड़की के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट की।

### मिस्ट्री गर्ल के साथ आसिम रियाज की तस्वीर

अभी कुछ समय पहले, बिग बॉस 13 के प्रतियोगी ने एक अज्ञात लड़की के साथ अपनी एक तस्वीर डाली थी, जो एक मस्जिद के सामने बैठकर शांत वातावरण का आनंद लेते हुए उसके कंधों पर झुक रही थी। तस्वीर से उनके रिश्ते की गहरी शांति झलक रही थी। इसे कैप्शन देते हुए आसिम ने लिखा, जिंदगी चलती रहती है (दिल वाले इमोजी के साथ)। पोस्ट ने पूरी तरह से नेटिज़न्स का ध्यान खींचा, क्योंकि यह पहली बार था कि अभिनेता को बिग बॉस में अपने साथी प्रतियोगी हिमांशी खुराना के साथ ब्रेकअप के बाद किसी लड़की के साथ देखा गया था। इसलिए, इसने उनके जीवन में आइज़्म के आगे बढ़ने की अटकलों को जन्म दिया। तस्वीर में 30 वर्षीय अभिनेता ने शॉर्ट्स की एक जोड़ी के साथ काले चमड़े की जैकेट पहनी हुई थी, अनाम लड़की ने बेज रंग की पोशाक पहनी हुई थी।

### फैंस की प्रतिक्रिया

जैसे ही तस्वीर इंस्टाग्राम पर सामने आई, तस्वीर का कमेंट सेक्शन उनके रिलेशनशिप स्टेटस पर अटकलों से भर गया। एक यूजर ने लिखा, ÷कौन है वह,÷ जबकि अगले कमेंट में दूसरे यूजर ने लिखा, ÷इस पल का इंतजार था बहुत अर्से से।

### बिग बॉस 13 में आसिम रियाज

असीम रियाज़ का करियर बिग बॉस 13 में उनके कार्यकाल के साथ आसमान छू गया, जहां उन्होंने दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता और अब पूर्व प्रेमिका हिमांशी खुराना के साथ अपने रिश्ते के लिए ध्यान आकर्षित किया। दिसंबर 2023 में, दोनों ने अपने ब्रेकअप की घोषणा की और उल्लेख किया कि यह आपसी सहमति थी और इसके पीछे का कारण धार्मिक था। अपने ब्रेक के बाद, असीम रियाज़ चली गाई और नो फियर नामक संगीत वीडियो में दिखाई दिए।

## क्या शिवांगी जोशी और कुशाल टंडन कर रहे हैं सगाई ?



जब से शिवांगी जोशी और कुशाल टंडन ने टीवी शो बरसात मौसम प्यार का में एक साथ काम किया है, तब से ऐसी अफवाहें उड़ रही हैं कि वे डेटिंग कर रहे हैं। दरअसल, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि वे सगाई करके अपने रिश्ते को आधिकारिक बनाने की योजना बना रहे हैं। अब, अभिनेता इन अटकलों को निराधार बताते हुए उनका खंडन करने के लिए आगे आए हैं। सगाई की अफवाहों का खंडन करने के लिए अभिनेताओं ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट का सहारा लिया। यह पहली बार है कि अभिनेताओं ने अपने लिंक-अप अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है।

### कुशाल टंडन चुप्पी तोड़ी

हाल की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, शिवांगी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर एक गुप्त पोस्ट डाला, जिसमें लिखा था, मुझे अफवाहें पसंद हैं। मुझे हमेशा अपने बारे में आश्चर्यजनक चीजें पता चलती हैं जो मैं कभी नहीं जानता था। उनकी अगली पोस्ट दयालुता के बारे में थी। जबकि शिवांगी ने एक गुप्त पोस्ट को चुना। सगाई की अफवाहों पर प्रतिक्रिया देने के तरीके में कुशल अधिक सीधे थे। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर उन्होंने लिखा, यार मीडिया वाललू एक बहुत बथऊ, मेरी सगाई होरहीईईईईईईईई, हमारी मुझे वह नहीं पता? मैं यहां थाईलैंड में अपनी मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रहा हूं। ऐसा कैसे कहती हूं आप लोग, कम से कम थोरो थो ऑथेंटिकेशन न्यूज की रखका करो मेरे भाई लोग? ये आपका स्त्रोत है कौन (अरे मीडिया वालों! मुझे कुछ बताओ, मेरी सगाई हो रही है और मुझे इसके बारे में पता भी नहीं है? मैं यहां थाईलैंड में मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ले रहा हूं। आप लोग यह कैसे करते हैं? पर कम से कम खबर को ठीक से सत्यापित करें। वैसे भी आपके स्त्रोत कौन हैं? उन्होंने अपने पोस्ट के समर्थन में सामग्री प्रशिक्षण सत्र से अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की।

## बेटे की मौत के बारे में बात करते हुए रो पड़े शेखर सुमन

**» मैं पूरी रात उसके शव के साथ लेटा रहा**





अभिनेता शेखर सुमन,जो वर्तमान में संजय लीला भंसाली की नेटफ्लिक्स सीरीज हीरामंडी की रिलीज का जश्न मना रहे है वह हाल ही में काफी भावुक हो गये।, उन्होंने अपने बड़े बेटे आयुष के निधन के बारे में विस्तार से बात की है। अभिनेता और उनकी पत्नी अलका ने आयुष को तब खो दिया जब वह सिर्फ 11 साल के थे, एंडोमायोकार्डियल फाइब्रोसिस (ईएमएफ) नामक एक दुर्लभ बीमारी के कारण आयुष का निधन हुआ। राष्ट्रीय दुर्लभ विकार संगठन (एनओआरडी) के अनुसार, ईएमएफ अज्ञात मूल (अज्ञातहेतुक) की एक प्रगतिशील बीमारी है जो हृदय को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है।एबीपी लाइव एंटरटेनमेंट के साथ एक इंटरव्यू में शेखर अपने दिवंगत बेटे की बीमारी के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए। शेखर ने साक्षात्कार में कहा ईएमएफ एक ऐसी दुर्लभ बीमारी है जो अरबों में से केवल एक को प्रभावित करती है। जहां तक मेरी जानकारी है, भारत में इसके तीन या चार मामले ही हो सकते हैं. दुर्भाग्य से, इसका कोई ज्ञात इलाज नहीं है; एकमात्र उपचार विकल्प हृदय प्रत्यारोपण है। शेखर ने खुलासा किया कि जब उन्हें आयुष के ईएमएफ निदान के बारे में पता चला, तो डॉक्टरों ने उन्हें बताया था कि उनका बच्चा आठ महीने से ज्यादा जीवित नहीं रह पाएगा। उन्होंने आगे कहा कि उनके पिता फणी भूषण प्रसाद, जो एक हाई-प्रोफाइल डॉक्टर थे, ने अपनी चिकित्सा पद्धति से अनगिनत लोगों की जान बचाई थी, लेकिन अपने पोते को नहीं बचा सके।

ऑनलाइन बेटिंग में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

# पुणे के दो फ्लैट में महादेव बुक की 3 ब्रांच ऑपरेट करते 26 गिरफ्तार

## दूध,सब्जी और पेपर वाला बनकर पुलिस कर्मियों ने की सटोरियों की रेकी


30 करोड़ से ज्यादा का हिसाब किताब मिला

**रायपुर,04 मई 2024(ए)।** राजधानी पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी में बड़ी कार्रवाई की है। महादेव बुक से जुड़े लोगों के गोवा के ठिकानों पर छापेमारी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पुणे में बड़ी रेड मारी है। महादेव बुक और उसकी सिस्टर्स ऐप के तीन ब्रांच ऑपरेट करते 26 लोग रंगे हाथ पकड़े गए हैं। महादेव बुक, रेड्डी अन्ना और लेजर बुक की तीन अलग-अलग ब्रांच पकड़ी गई है। 35 से 50 लाख रुपए में एक ब्रांच ली गई थी। पुणे के भारती विद्यापीठ क्षेत्र के कृष्णा पिकुंज और राजदीप अपार्टमेंट के दो अलग-अलग फ्लैट में तीनों बुक ऑपरेट की जा रही थी। रायपुर एसएसपी संतोष सिंह ने पूरे मामले का खुलासा किया है। गुरुवार देर रात यह रेड मारी गई है, जिसमें 26 लोगों को गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया है। तीनों ब्रांच से 11 लैपटॉप, 98 मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, वाईफाई, रजिस्टर, 30 पासबुक, 9 चेकबुक, 81 एटीएम और 25 सिम कार्ड जब्त किए गए हैं।एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि एण्टी क्राईम एंड सायबर यूनिट रायपुर ने कार्रवाई की है। सट्टा ऑपरेटरों के खिलाफ राज्य की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। पुणे में बैठकर रेड्डी 67, महादेव पैनल 149 और लेजर 10 आईडी पैनल से आईपीएल क्रिकेट मैच के साथ कसीनों और अन्य खेलों में सट्टा का संचालन किया जा रहा था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 35 से 50 लाख रुपए में एक ङ्क एक पैनल लिया गया था। ब्रांच से मिली जानकारी के आधार पर हजारों खिलाड़ियों की जानकारी मिली है। गंज थाने के जुआ एक्ट के केस में गोवा में पकड़े गए 8 आरोपियों से इनके संबंध में जानकारी मिली थी। इतनी बड़ी कार्रवाई के बाद मामले में धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और भारतीय तार अधिनियम की धारा 25सी और आईटी एक्ट की धारा 66सी जोड़ी जा रही है। एसएसपी ने बताया कि अब तक आईपीएल मैच के दौरान एसीसीयू की टीम ने 9 केस में 57 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### हिस्ट्रीशीटर पप्पू जेठवानी है मास्टरमाइंड

तीनों ब्रांच का ऑपरेटर रायपुर के पुरानी बस्ती का हिस्ट्रीशीटर पप्पू जेठवानी को बताया जा रहा है। उसी ने रायपुर के नवीन वैद्य, कोरबा के पिंटू और चांपा के नयन के साथ मिलकर काम शुरू किया है। तीनों मुरली से जुड़े हुए हैं उसी से ब्रांच लेते हैं। मुरली और पिंटू के दुबई में होने की संभावना है। गिरफ्तार आरोपियों में 22 छत्तीसगढ के हैं। जबकि 3 मध्यप्रदेश और एक उत्तरप्रदेश का है। प्रदेश के 22 में रायपुर के 7,दुर्ग के 6, राजनांदगांव के 3, जांजगीर-चांपा, कोरबा के 2-2, सूरजपुर और मानपुर-मोहला के एक-एक हैं।

### ये आरोपी गिरफ्तार

रायपुर के अक्षत दुबे (25), शेखर वाधवानी (24), राहुल प्रीतवानी (36), देवेश सचदेव (20), रवि तेलवानी (48), सुजल रूपरेला (18), शशांक कुमार राय (46), कोरबा का साहिल साहू (21), आशीष पाहुजा (39), दुर्ग का सौरभ शुक्ला (27), अक्षत धनकर (26), जॉन सिंह (20), अंश भटठी (19), अर्पित छाबड़ा (35), आशय शिंदे (27), राजनांदगांव का रोहित यादव (25), मयंक लोहानी (20), जांजगीर का मिथुन चौहान (38), विशाल कुमार चौहान (22), कोरिया का हिरेश कुमार प्रजापति (22), सूरजपुर का कमल सिंह (20), मोहला मानपुर का समीर मेश्राम उर्फ बबलु (20), उत्तरप्रदेश के हमीरपुर जिले का भुनेश कुमार राजपूत (26), बालाघाट का राहुल कोल्हाटकर (21) और साहित पराते (22), छिंदवाड़ा का अनुराग डहरिया (22)।

# टुटेजा 2 दिन और मनोज सोनी 7 दिन की ईडी रिमांड पर

» **अनवर ढेबर की जमानत याचिका खारिज,महादेव मामले के 5 आरोपी 9 मई तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर...**



**रायपुर,04 मई 2024(ए)।** शराब घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को कोर्ट में पेश किया। ईडी ने टुटेजा की रिमांड बढ़ाने की मांग कोर्ट से की। जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए 2 दिन की ईडी को रिमांड सौंप दी है। ईडी ने 11 दिन की रिमांड मांगी थी। 6 दिन की ईडी रिमांड खत्म होने पर पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में पेश किया था, लेकिन ईडी ने सिर्फ दो दिन की रिमांड सौंपी है। 6 मई को उन्हें एक बार फिर कोर्ट में पेश किया जाएगा। दूसरी तरफ शराब घोटाले मामले में ही ईओडब्ल्यू के मामले में जेल में बंद आरोपी अनवर ढेबर की जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। दोनो पक्षों की बहस सुनने के बाद स्पेशल जज ने जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों पक्षों में लंबी बहस की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत नहीं देने का फैसला किया।

इसके अलावा बहुचर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के आरोपियों को कोर्ट लाया गया। महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के आरोपी गिरीश तलरेजा, सूरज चोखानी समेत असीम दास को जेल से कोर्ट लाया गया। ईडी की तरफ से पेश की गई पूरक चार्जशीट के चार्ज फाइल करने के लिए ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में आरोपियों को पेश किया। इसके अलावा ईओडब्ल्यू ने महादेव सट्टा ऐप के ट्रांजिट रिमांड पर लिए सभी आरोपियों को विशेष कोर्ट में पेश किया। आरोपी चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, सुनील दम्मानी, अमित अग्रवाल और भीम सिंह यादव को कोर्ट में पेश किया। 5 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था। 9 मई तक विशेष कोर्ट ने सभी आरोपियों को ईओडब्ल्यू को सौंप दिया।

साथ ही कस्टम मिलिंग मामले के आरोपी मार्कफेड के पूर्व अधिकारी मनोज सोनी को भी ईडी ने कोर्ट में पेश किया। 4 दिन की ईडी रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया। दोबारा 7 दिन की रिमांड लेने का ईडी ने आवेदन लगाया है। पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आवेदन स्वीकार करते हुए मनोज सोनी को 7 दिन की रिमांड में सौंप दिया है।

छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार के दौरान के सभी केस हैं, जिनमें ईडी और राज्य की एजेंसी ईओडब्ल्यू दोनों जांच कर रहीं हैं। शराब घोटाला करीब 2 हजार करोड़ का बताया जा रहा है। वहीं, महादेव बुक के प्रमोटर्स को प्रोटेक्शन देने के लिए सरकार पर करीब साढ़े 5 सौ करोड़ रुपए लेने का आरोप लगा है। इसके अलावा कस्टम मिलिंग घोटाले को करीब डेढ़ सौ करोड़ का बताया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव के दिन 1 बजे तक बंद रहेगा मार्केट




» **चैंबर ऑफ कॉमर्स का ऐलान**

**रायपुर,04 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने 7 मई को लोकसभा चुनाव के दिन 1 बजे तक मार्केट बंद रखने का निर्णय लिया है। विज्ञप्ति जारी कर चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा, लोक तंत्र के इस महापर्व में जागरूकता हेतु चेंबर द्वारा चलाए जा रहे महाअभियान पहले मतदान फिर दुकान के तहत चेंबर द्वारा 7 नवंबर को होने जा रहे चुनाव में व्यापारियों से सनम्र निवेदन करता है कि सभी व्यापारिक एसोसिएशन / संगठन, इकाइयां, पदाधिकारी एवं व्यापारीगण सर्वप्रथम अपना, अपने परिवार का, कर्मचारी एवं उनके परिवार अपने मताधिकार का उपयोग प्रजातंत्र के लिए अनिवार्य है। साथ ही साथ आप अपने एसोसिएशन, इकाई, पदाधिकारियों एवम व्यापारीक साथियों को अपने कर्मचारियों सहित आसपास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करे, जिससे इस लोकतंत्र के महापर्व को मिलकर सफल बनाया जा सकें।

# शिवालय तोड़ने के विरोध में हिंदू संगठन ने किया हाईवे जाम

**असली गुनहगारों को नहीं पकड़ने का हिन्दू संगठन ने लगाया आरोप**



**गरियाबंद,04 मई 2024 (ए)।** शिवालय तोड़े जाने रे विरोध में आज जिले के विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राजिम के पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक में एकत्रित होकर नेशनल हाईवे 130 सी को जाम कर दिया है । शिवालय तोड़ने वाले असली गुनहगारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हिंदू संगठन ने राजिम में नेशनल हाईवे जाम किया।

आक्रोशित संगठन लगातार नारेबाजी कर रहे हैं। जाम के चलते दोनों छोर में वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। इसकी जानकारी मिलते ही एसडीएम अर्पिता पाठक और पुलिस अफसर मौके पर पहुंचकर अब तक हुई कार्रवाई से अवगत कराया। बाकी आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी करने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद जाम को बहाल किया गया। हिंदू संगठन ने 3 घंटे बाद प्रदर्शन खत्म किया।दरअसल राजिम थाना क्षेत्र के दुतकैया ग्राम में स्थित शिवालय को 30 अप्रेल की रात कुछ असमाजिक तत्वों ने न केवल खंडित किया था बल्कि उस पर शराब भी उड़ेला गया था। मामले की जानकारी 1 मई की सुबह पता लगते ही ग्रामीण बोधन साहू ने मामले की शिकायत राजिम थाने में की। राजिम पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अगले दिन अहमद खान नाम के आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, जिसमें आरोपी ने एक नाबालिग व अन्य समेत 3 लोग मिलकर घटना को अंजाम देने की बात भी स्वीकार की।पुलिस ने एक आरोपी को 3 मई को जेल दाखिल करा दिया।

### शिव मंदिर में तोड़-फोड़ करने वाला बदमाश हुआ गिरफ्तार

राजिम से 10 किमी दूर ग्राम दूतकईया में 30 अप्रैल को असामाजिक तत्वों द्वारा शिव मंदिर में शिवलिंग तोड़ कर शराब की बोतलें फोड़ी गई थी। घटना के बाद विहिप द्वारा विधर्मियों के खिलाफ पुतला दहन कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई थी। वहीं दुतकईया के ग्रामीणों ने मामले की शिकायत राजिम थाने में की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही एक नाबालिक आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

# फर्जी फर्म पर जीएसटी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई




**रायपुर,04 मई 2024(ए)।** केंद्रीय जीएसटी की टीम ने सर्वेश कुमार पाण्डेय को सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69(1) के तहत आज गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। सीजीएसटी रायपुर कर चोरों के खिलाफ और विशेष रूप से फर्जी बिलिंग के कारोबार में शामिल करदाताओं के खिलाफ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई कर रहा है। अब तक फर्जी बिलिंग के संबंध में 17 गिरफ्तार किए जा चुके हैं। विभाग की आधिकारिक जानकारी के अनुसार फर्जी चालान बनाने और केवल इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पारित करने के उद्देश्य से बनाए गए 13 फर्जी फर्मों के एक नेटवर्क का हाल ही में भंडाफोड़ किया था। रैकेट के मास्टरमाइंड हेमन्त कसेरा को भी 4अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था।

आगे जांच करने पर यह पाया गया कि हेमंत कसेरा की फर्मों ने इस तरह की फर्जी आईटीसी की बड़ी मात्रा रायपुर में स्थित मेसर्स त्रिवेणी मेटालिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स श्री त्रिवेणी एंटरप्राइजेज को दी गई है। तदनुसार, इन फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जांच करने पर यह पता चला कि न केवल उपर्युक्त 2 फर्में बल्कि अन्य 4 फर्में सर्वेश कुमार पाण्डेय द्वारा नियंत्रित और प्रबंधित की जाती हैं। दस्तावेजों, खातों और रिटर्न की गहन जांच के बाद यह पाया गया कि पाण्डेय ने न केवल हेमंत कसेरा से बल्कि कई अन्य जाली/फर्जी फर्मों से भी फर्जी बिल खरीदे हैं।

# व्यापम ने परीक्षा तारीखों में किया बदलाव




**रायपुर,04 मई 2024(ए)।** अगर आप भी पीएटी और बीएससी नर्सिंग की परीक्षा की तैयारी कर रहे है। तो यह खबर आप ही के काम की है। दरअसल छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने राज्य में लोकसभा चुनाव के चलते प्रवेश तथा पात्रता परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव कर दिया है।

अब केन्द्र स्तरीय परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पीएटी तथा बीएससी नर्सिंग की परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किया गया है। बता दें, पीएटीकी प्रवेश परीक्षा 9 जून को ली जाएगी। वहीं बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इस तरह से अब 9 जून से शुरु होकर परीक्षाएं 14 जुलाई तक चलेगी, जबकि पहले यह परीक्षाएं 7 जुलाई को ही समाप्त होने वाली थी।

### कब होगा कौन सा परीक्षा

जानकारी के अनुसार, संशोधित तिथि के अनुसार पीएटी , पीव्हीपीटी , बीएससी कृषि, बीएससी उद्यानिकी, पशुपालन में डिप्लोमा और मत्स्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा की परीक्षाएं मॉर्निंग शिफ्ट में 9 जून को ली जाएगी। वहीं प्री बीए बीएड, बीएससी बीएड की परीक्षाएं 9 जून को, पीईटी, प्री एमसीए और पीपीएचटी की परीक्षाएं 13 जून को ली जाएगी।टीईटी 23 जून को आयोजित की जाएगी। प्री बीएड और प्री डीएलएड की परीक्षाएं 30 जून को, बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग तथा एमएससी नर्सिंग की परीक्षाएं 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)